

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 23 अक्टूबर 2024 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-205 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 24 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### रवि मित्तल बने जनसंपर्क आयुक्त

**रायपुर,23 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने आज 10 आईएएस अफसरों का ट्रांसफर कर दिया है। इसमें तीन जिलों कलेक्टर भी शामिल हैं। सामान्य



प्रशासन विभाग से जारी आदेश के अनुसार रवि मित्तल को जनसंपर्क विभाग का नया आयुक्त बनाया गया है। जशपुर कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल 2016 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वर्ष 2018 में बगीचा एसडीएम के पद पर वे यहां काम कर चुके हैं। महासमुंद, रायगढ़ व रायपुर में जिला पंचायत सीईओ के रुप में मित्तल ने कार्य किया है। जशपुर जिले में कलेक्टर के रुप में उन्हें बड़ी जिम्मेदारी मिली है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने बताया कि उन्होंने मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज दिल्ली से एमबीबीएस करने के बाद कार्य के व्यापक दायरे को देखते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाने के रास्ते को चुना।

### मोटर पंपों की चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**भिलाई,23 अक्टूबर।** रानीतराई थाना क्षेत्र तीन स्कूलों और एक आंगनबाड़ी के अलावा किसानों के मोटर पंपो की चोरी करने वाले गिरोह का रानीतराई पुलिस ने भंडाफोड़ किया है इस मामले में तीन नाबालिग सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त की है रानीतराई टीआई ने बताया कि असोगा स्कूल से 2 कट्टा चावल व रॉड के टुकड़े की चोरी, निपानि की आंगनबाड़ी में 30 किलो चावल सहित गैस सिलेंडर की चोरी व प्राथमिक शाला डिड़गा में 2 लीटर तेल व झाड़मोखली स्कूल से 40 किलो चावल की चोरी हुआ था. इस मामले में पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश करने पर आरोपी सागर कोसरे (20 वर्ष) निवासी ग्राम डिड़गा, बंटी उर्फउमेश साहू (19 वर्ष) निवासी ग्राम डीड़ाभाठा और शाहिल साय (19 वर्ष) को पुलिस ने पकड़कर पूछताछ की तो आरोपियों ने ग्राम असोगा-खर्रा नाले के पास कई किसानों की मोटर पंप की केबल व बरबसपुर नाले के पास लगे सौर ऊर्जा सहित पाहंदा खार में लगे मोटर पंपो को केबल चोरी की वारदात को अंजाम दिया है.

### घर घुस कर डीआरजी जवान के भाई पर जानलेवा हमला

**दंतेवाड़ा,23अक्टूबर।** जिले के हिरोली गांव में डीआरजी जवान के भाई पर अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया. हमलावरों ने जवान के घर में घुसकर उनके भाई पर धारदार हथियार से कई वार किए. इस घातक घटना के दौरान हमलावरों ने लाल सलाम के नारे लगाए, जिससे नक्सलियों की संलिप्तता की संभावना बढ़ गई है. इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के मुताबिक, मंगलवार देर रात डीआरजी जवान के घर अज्ञात हमलावर घुस गए और उनके भाई लक्ष्मण कुंजाम पर धारदार हथियार से से कई वार किए. बेरहमी से घायल करने के बाद आरोपी लक्ष्मण को मृत समझकर वहां से फरार हो गए. घटना के दौरान हमलावरों ने ÷लाल सलाम÷ के नारे भी लगाए, जो नक्सल गतिविधियों की आशंका को बढ़ाते हैं. घटना के बाद परिजनों ने लक्ष्मण को तुरंत किरंदुल अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल रेफर किया गया. फिलहाल उसकी हालात गंभीर बनी हुई है. वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. अधिकारियों ने बताया कि जांच नक्सल गतिविधियों और व्यक्तिगत रंजिश दोनों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है.

दक्षिण विधानसभा उपचुनाव

## नए व पुराने चेहरे में मुकाबला

**रायपुर,23 अक्टूबर।** दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव का मुकाबला रोचक होने वाला है। इस बार नये व पुराने चेहरे में चुनावी दंगल होगा। कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा यहां एकदम फ्रेश चेहरा है वहीं भाजपा के सुनील सोनी पुराने चेहरे के साथ ही खांटी राजनीतिज्ञ हैं। मतदाताओं को भी प्रत्याशी चुनने के लिए इस बार अच्छा विकल्प मिल गया है। इसके साथ ही ब्राह्मण मतदाताओं पर एक बड़ी जिम्मेदारी यह है कि वे आकाश शर्मा को कितना सहयोग कर पाते हैं क्योंकि समाज ने दोनों ही दल से ब्राह्मण चेहरे को प्रत्याशी बनाने की मांग की थी। यह बात भी जान लेना आवश्यक है कि अब तक बृजमोहन अग्रवाल की पैठ ब्राह्मण मतदाताओं पर अच्छी खासी रही है लेकिन यह तब की स्थिति रही है



जब वे खुद विधानसभा चुनाव लड़ते रहे हैं। अब उपचुनाव में सुनील सोनी प्रत्याशी हैं।लिहाजा मतदाताओं का मन बदल सकता है। आकाश शर्मा निर्विवाद छवि के नेता हैं। वे एनएसयूआई का प्रदेश स्तर पर नेतृत्व कर चुके हैं। वहीं अभी युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हैं। आकाश पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि सुनील सोनी पार्षद,महापौर,सभापति तथा सांसद रह चुके हैं। आम मतदाता के मन में नये व पुराने चेहरे को लेकर क्या चल रहा है यह बताना मुश्किल है। आकाश शर्मा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा गांधी परिवार के करीबी राजेश तिवारी के दामाद हैं तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से घरोबा है। वहीं चरणदास महंत ने भी आकाश को टिकिट देने की सिफारिश की थी। वहीं दूसरी ओर सुनील सोनी भाजपा में सर्वमान्य नेता हैं। वे सांसद बृजमोहन अग्रवाल के काफी करीबी माने जाते हैं। सुनील सोनी राजनीतिक जीवन में कभी उन पर दाग नहीं लगा है।

## बच्चों से भरी स्कूल बस नदी में गिरी

### ग्रामीणों ने सभी 15 विद्यार्थियों को सुरक्षित निकाला

**सक्ती,23 अक्टूबर।** सक्ती जिले में बड़ा हादसा हुआ है। जहां आज बुधवार सुबह ही बच्चों से भरी स्कूल की मिनी बस अनियंत्रित होकर सोन नदी में जा गिरी। मिनी बस में 15 बच्चे सवार थे। वहीं हादसे के वक्त नदी में नहा रहे ग्रामीणों ने तुरंत दौड़कर बस के अंदर से सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। बता दें बस पूरी तरह से पानी में डूब गई है। गनीमत रही कि कोई जनहानी नहीं हुई। बता दें कि हसौद थाना क्षेत्र के पिसौद में 15 बच्चों को स्कूल लेकर मिनी बस जा रही थी। तभी सोन नदी के डैम पर रोड सकरी होने के कारण अनियंत्रित हो गई। ड्राइवर मिनी बस को संभाल नहीं पाया और बस नदी में जा गिरी। तभी बच्चों में चीख पुकार मच गई। हालांकि मौके पर ही सुबह-सुबह ग्रामीण नहा रहे थे। ग्रामीण तेजी से बस की ओर दौड़े और तत्परता दिखाई।

**ग्रामीणों ने अपनी जान पर खेलकर बचाई जान**-सोन नदी के डैम पर मिनी बस के गिरने पर तुरंत वहां नहा रहे ग्रामीण दौड़े।



ग्रामीणों ने बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर है। बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां सभी का इलाज जारी है।

## विस चुनाव के बाद भाजपा को मिलेगा नया अध्यक्ष

**नई दिल्ली,23 अक्टूबर।** भाजपा ने संगठन चुनाव समीक्षा में कहा है कि सभी राज्यों को दिसंबर के पहले सप्ताह तक राज्यस्तरीय चुनाव की प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए, जिसमें सामाजिक और राजनीतिक समीकरणों को देखते हुए दक्षिण भारत से नया नेतृत्व लाने पर भी चर्चा हो रही है. इसके अलावा, पार्टी एक बार फिर से सवर्ण समुदाय को सामने ला सकती है, जो पार्टी को सामाजिक संतुलन बनाए रखने के लिए सवर्णों को वापस ला सकती है.

मनोहर लाल खट्टर, देवेंद्र फडणवीस, शिवराज सिंह चौहान , धर्मेंद्र प्रधान, जी. किशन रेड्डी, नरेंद्र सिंह तोमर जैसे नामों की अध्यक्ष पद के लिए चर्चा हो रही है.

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के बाद, भाजपा में संगठन चुनाव के कार्यक्रम में तेजी लाई जाएगी. दिसंबर के पहले सप्ताह तक बूथ, मंडल, जिला और प्रदेश के संगठन चुनावों को पूरा किया जाएगा. भाजपा संविधान के अनुसार, आधे राज्यों के चुनाव होनेके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव हो सकता है. इस प्रकार, पार्टी के लिए 50 प्रतिशत राज्यों के चुनाव होने के बाद नए अध्यक्ष के चुनाव का रास्ता खुल जाएगा. सूत्रों के अनुसार, मध्य दिसंबर से मध्य जनवरी तक खरमास रहेगा, इसलिए कोई अच्छी कामकाज नहीं होगी, इसलिए राष्ट्रीय अध्यक्ष भी इस दौरान काम नहीं करेगा. जनवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव होंगे, इसलिए भाजपा को नए संगठन का काम करने के लिए बहुत कम समय मिलेगा, जो चुनाव अभियान को प्रभावित कर सकता है.




## ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर, 2 की मौत

**बिलासपुर,2 अक्टूबर।** जिले के सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के फदहाखार मोड़ पर एक आज सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया.

मोड़ पर सामने से आरही ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी जिससे उसपर सवार दो गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान ही दोनों ने दम तोड़ दिया. मिली जानकारी के अनुसार, नयापारा कृतिनगर निवासी अशोक साहू अपने पड़ोसी निजाम अंसारी के साथ किसी काम से निकले थे, इसी दौरान सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के फदहाखार मोड़ पर सामने से आ रही ट्रक ने उनकी एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी और इस हादसे में उनकी मौत हो गई. फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच में जुट गई है.

## बेंगलुरु में निर्माणाधीन इमारत गिरने से 5 लोगों की मौत, 5 घायल

**बेंगलुरु,23 अक्टूबर।** भारी बारिश के बीच पूर्वी बेंगलुरु के होरामावु अगरा इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत के ढहने से पांच शव बरामद किए गए हैं और पांच लोग घायल हो गए हैं, बेंगलुरु पुलिस सूत्रों ने बताया। बेंगलुरु के अतिरिक्त आयुक्त सतीश कुमार के अनुसार, शवों की पहचान हरमन (26), त्रिपाल (35), मोहम्मद साहिल (19), सत्य राजू (25) और शंकर के रूप में हुई है। घायलों की पहचान जगदेवी (45), रशीद (28), नागराजू (25), रमेश कुमार (28), हरमन (22) और अयाज के रूप में हुई है। पांच घायलों का इलाज बेंगलुरु नॉर्थ अस्पताल में चल रहा है, जबकि एक होसमत अस्पताल में है। कुल सात अन्य लोगों को बचा लिया गया, जिससे बचाए गए व्यक्तियों की कुल संख्या 13 हो गई। कई अन्य के अभी



भी ढह गई इमारत के मलबे में फंसे होने की आशंका है। मलबे में फंसे लोगों की तलाश जारी रखने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमों के साथ-साथ डॉग स्क्वॉड को मौके पर तैनात किया गया है।

## कजान ने खींचा दुनिया का ध्यान

**मास्को,23 अक्टूबर।** 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए दुनिया अपना ध्यान तातारस्तान की राजधानी कज़ान पर केंद्रित कर रही है। शहर का समृद्ध इतिहास और इसके रणनीतिक महत्व ट्रेंडिंग टॉपिक बन गए हैं। इसकी अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि साल 2009 में मॉस्को और सांस्कृतिक राजधानी सेंट पीटर्सबर्ग के बाद कजान को रूस की तीसरी राजधानी का दर्जा दिया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा और मेजबान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जैसे नेताओं के कज़ान में एकत्र होने के साथ, यह कार्यक्रम शहर की बढ़ती वैश्विक प्रमुखता पर प्रकाश डाल रहा



है। शिखर सम्मेलन को पुतिन द्वारा मॉस्को के सहयोगियों को प्रदर्शित करने के एक सफल प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है। रूस की गंगा कही जाने वाली वोल्गा और कजान का गहरा रिश्ता है। 12 लाख की आबादी वाला कजान शहर तातारस्तान गणराज्य की राजधानी है, जो तातार लोगों की मातृभूमि है। कज़ान का स्थान और औद्योगिक कौशल इसे रूस और उसके अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों दोनों के लिए महत्वपूर्ण बनाते हैं। पीएम मोदी के लिए उनकी कज़ान यात्रा कूटनीतिक लिहाजे से काफी अहम है। यह न केवल रूस के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करता है, बल्कि सरकार से सरकार और लोगों से लोगों के बीच के गहरे संबंधों के द्वार भी खोलता है। जुलाई 2024 में रूस की अपनी पिछली यात्रा में मोदी ने भारत की राजनयिक पहुंच में कज़ान की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कज़ान और येकातेरिनबर्ग में दो नए भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने की घोषणा की थी।

## मोदी और पेजेशकियन में पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा

**मास्को,23 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से मुलाकात की। ईरान और इजराइल के मध्य बढ़ते तनाव के बीच पेजेशकियन ने पश्चिम एशिया में शांति की आवश्यकता पर बल दिया तथा सभी पक्षों के साथ भारत के अच्छे संबंधों के कारण संघर्ष को कम करने में उसकी भूमिका पर जोर दिया। हम आपको बता दें कि जुलाई में चुनाव जीतने के बाद राष्ट्रपति बने पेजेशकियन और मोदी के बीच यह पहली मुलाकात है। दोनों नेताओं ने चाबहार बंदरगाह और अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।मोदी ने अंग्रेजी और फारसी दोनों भाषाओं में 'एक्स' पर लिखा, ÷ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमने अपने देशों के बीच संबंधों के संपूर्ण आयाम की समीक्षा की। हमने भविष्य के क्षेत्रों में संबंधों को और गहरा करने के तरीकों पर भी चर्चा की।÷ विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेसवार्ता में बताया कि मोदी और पेजेशकियन के बीच ''सार्थक चर्चा'' हुई। मिसरी ने कहा, ''दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने बढ़ते संघर्ष पर गहरी चिंता व्यक्त की और नागरिकों की सुरक्षा के लिए भारत के आह्वान को दोहराया। उन्होंने तनाव कम करने के लिए बातचीत और कूटनीति की आवश्यकता पर बल दिया।''विदेश सचिव ने कहा कि राष्ट्रपति पेजेशकियन ने क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि भारत सभी संबंधित पक्षों के साथ अपने अच्छे संबंधों के कारण संघर्ष को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## मोबाइल टावर में लगी भीषण आग

**जगदलपुर,23 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में मोबाइल टावर में भीषण आग लग गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और जिसने करीब एक घंटे कड़ी मशक्कत की। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। शहर के धरमपुरा स्थित विशाल मेगा मार्ट के पास बने मोबाइल टावर में आग लग गई। घटना की जानकारी लगते ही फायर टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाया गया। इस दौरान एक बड़ी हानि बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह विशाल मेगा मार्ट के पास एयरटेल, जिओ और



आइडिया के कंबाइन मोबाइल टावर में अचानक से आग लग गई, अचानक से फैले आग और धुंए को देखकर आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी नगर सेना सेनानी एस मार्बल को दी। मामले की जानकारी लगते ही फायर की एक टीम को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया, जहां एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने की सूचना मिलते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। वहीं आग के फैलने के डर से लोग अपने घर से बाहर आ कर इकट्ठा हो गए। मामले की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई, फिलहाल आग को बुझा दिया गया है।

## जब तेल टैंकर से ऑयल की जगह निकलने लगी शराब, पुलिस भी हैरान

**मुजफ्फरपुर ,23 अक्टूबर ।** बिहार में शराबबंदी के बावजूद शराब तस्कर नए-नए तरीके से शराब की तस्करी कर रहे हैं। ताजा मामला मुजफ्फरपुर जिले से सामने आया है, जहां हिंदुस्तान पेट्रोलियम के एक तेल टैंकर में शराब भरकर लाई जा रही थी। इस अजीबोगरीब तरीके से शराब तस्करी को देखकर पुलिस भी हैरान रह गई। उत्पाद विभाग की टीम ने मुजफ्फरपुर-हाजीपुर मार्ग पर सकरी सरैया से इस तेल टैंकर को जब्त किया है। टैंकर में अरुणाचल प्रदेश में बनी 200 पेटी विदेशी शराब और बीयर बरामद हुई है। हालांकि, शराब तस्कर मौके से फरार हो गए।

उत्पाद विभाग के अनुसार, शराब तस्करों ने तेल टैंकर का इस्तेमाल इसलिए किया क्योंकि इससे पुलिस को शक नहीं होता। टैंकर का नंबर नागालैंड का था और इसे मुजफ्फरपुर में ही अनलोड किया जाना था।पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। पुलिस उन लोगों की तलाश कर रही है जिन्होंने इस शराब तस्करी का मास्टरमाइंड किया था।

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने गैंगस्टर छोटा राजन को दी बड़ी राहत

**मुंबई,23 अक्टूबर।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को गैंगस्टर छोटा राजन को बड़ी राहत देते हुए को जमानत दे दी है। उसे 2001 में होटल व्यवसायी जया शेट्टी की हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। 30 मई, 2024 को एक विशेष मकोका अदालत ने राजन को अन्य लोगों के साथ दोषी ठहराया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने उम्रकैद की सजा को समाप्त कर दिया है। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने छोटा राजन को जमानत के लिए 1 लाख रुपये का बॉन्ड भरने का



निर्देश दिया। हालांकि, छोटा राजन अन्य आपराधिक मामलों के सिलसिले में जेल में ही रहेगा। इससे पहले मई में एक विशेष अदालत ने होटल व्यवसायी की हत्या के मामले में छोटा राजन को दोषी ठहराया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। छोटा राजन ने सजा के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में अपील दायर की थी।

## चक्रवात 'दाना' ले रहा खतरनाक रूप

**भुवनेश्वर,23 अक्टूबर।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना निम्न दबाव अब चक्रवाती तूफान दाना में तब्दील हो गया है। इसके बाद ओडिशा सरकार ने तटीय इलाकों से लोगों को निकालने का काम तेज कर दिया है। राज्य के 14 जिलों के संवेदनशील इलाकों में 288 बचाव दल तैनात कर दिए गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है कि राज्य सरकार ने पहले ही 19 एनडीआरएफ की टीमें, 51 ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल (ओडीआरएएफ) की टीमें और 178 अग्निशमन दल तैनात कर दिए हैं। इसके अलावा प्रभावित जिलों में 40 अतिरिक्त टीमें भी तैनात की गई हैं। बुधवार सुबह भारतीय वायुसेना की दो विमानों के जरिए 150 एनडीआरएफ कर्मी राहत सामग्री के साथ भुवनेश्वर पहुंचे हैं। बता दें कि अलर्ट पर रखे गए जिलों में अंगुल, पुरी, नयागढ़, खोरधा, कटक, जगतसिंहपुर, केंद्रपाड़ा, जाजपुर, भद्रक, बालासोर, क्योंझर, ढेंकनाल, गंजम और मयूरभंज शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, राज्य ने 14 जिलों में 3,000 से अधिक संवेदनशील स्थानों (गांवों) की पहचान की है और निकासी प्रक्रिया शुरू कर दी है। शुक्रवार की सुबह चक्रवात दाना के आने से पहले लगभग 10 लाख से ज्यादा लोगों को निकाले जाने की संभावना है।÷ वहीं आईएमडी के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के पूर्व-मध्य में बना निम्न दबाव 18 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए चक्रवाती तूफान %दाना% में तब्दील हो गया है जो सुबह 5॒30 बजे पारादीप (ओडिशा) से लगभग 560 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व और सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल) से 630 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व में केंद्रित था। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इसके उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और 24 अक्टूबर की सुबह तक बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम में एक खतरनाक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है जो



24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह तक पुरी और सागर द्वीप के बीच उत्तर ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों से टकराएगी। हवा की गति 100-110 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की उम्मीद है जो 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक बढ़ सकती है।÷ आईएमडी ने चेतावनी दी है कि चक्रवात %दाना% की वजह से ओडिशा में भारी बारिश की संभावना है। 23 अक्टूबर की शाम से तेज हवाएं चलने की संभावना है। 24 अक्टूबर की सुबह तक हवा की गति धीरे-धीरे बढ़कर 80 किमी/घंटा हो जाएगी और 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह तक 120 किमी/घंटा तक पहुंच सकती है। आईएमडी ने चक्रवात के गुजरने तक बंगाल की खाड़ी में मछली पकड़ने सहित सभी समुद्री गतिविधियों पर रोक लगा दी है। ओडिशा के राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने कहा, मंगलवार शाम तक सभी मछुआरे तट पर लौट आए। सुरेश पुजारी ने लोगों से प्रशासन के साथ सहयोग करने और बुधवार शाम तक राहत शिविरों में चले जाने की अपील की है। उन्होंने कहा, हमने शिविरों में भोजन, पीने का पानी, शिशु आहार और महिला पुलिस जैसी सभी व्यवस्थाएं की हैं।÷ उन्होंने कहा कि चक्रवात के तट पार करने से पहले अनुमानित 10 लाख लोगों को बाहर निकालने की उम्मीद है।

### साक्षी मलिक पर बबीता फोगाट का पलटवार

**नई दिल्ली ,23 अक्टूबर।** ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक (पहलवान) ने आत्मकथा विटनेस में कुछ ऐसे सवाल उठाए हैं जिन्हें लेकर हंगामा मच गया है। किताब को लेकर हो रहे सवाल जवाब के बीच उन्होंने एक साक्षात्कार में दावा किया कि बबिता कुश्ती महासंघ की अध्यक्ष बनना चाहती हैं। उनके इस वार पर बबीता फोगाट ने पलटवार किया है।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में साक्षी मलिक पर अपनी किताब बेचने के चक्कर में ईमान बेचने का आरोप लगाया है।

उन्होंने लिखा, खुद के किरदार से जगमगाओ, उधार की रोशनी कब तक चलेगी। किसी को विधानसभा मिला किसी को मिला पद, दीदी तुमको कुछ न मिला हम समझ सकते है तुम्हारा दर्द। किताब बेचने के चक्कर में अपना ईमान बेच गई।

# व्यापारी व कर्मचारी दुकान के सामने पार्किंग बंद करें

## आयुक्त बजरंग दुबे ने आदेश किया जारी

**भिलाई, 23 अक्टूबर।** अभी त्यौहार का सीजन आ गया है। चारों तरफ मार्केट क्षेत्र में खरीदारी करने के लिए ग्राहक मार्केट में जा रहे हैं। नगर निगम भिलाई द्वारा सभी प्रमुख मार्केट में मार्किंग करवाई जा रही है। एक सर्वे के दौरान यह आया है कि बहुत से दुकानदार अपनी गाड़ी, मोटरसाइकिल, स्कूटी एवं उनके यहां काम करने वाले कर्मचारी साइकिल को अपने दुकानों के सामने किनारे में लगा देते हैं। जिसके कारण आवागमन प्रभावित होता है। उसी के सामने यदि कोई ग्राहक बेतरतीब गाड़ी लगा देता है, जिससे पूरा रास्ता जाम हो जाता है। कुछ व्यापारियों द्वारा सामान की ढुलाई भी दिनों में करवाई जाती है। जिसके कारण ऑटो रिक्शा या ठेला रिक्शा मार्केट में चलते हैं। इससे भी रास्ता जाम हो जाता है। आयुक्त बजरंग दुबे ने सभी अधिकारियों के



आदेश ड्यूटी जारी किए हैं। जो जोन क्रमांक 01 क्षेत्र में प्र.सहायक राजस्व अधिकारी पी.के.तिवारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, राजस्व अधिकारी शशांक शेखर सिंह। जोन क्रं. 02 क्षेत्र में सहायक राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा। जोन क्रं. 03 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र में जोन स्वास्थ्य अधिकारी विरेन्द्र बंजारे, वार्ड प्रभारी दुर्गा माघव पाढ़ी, वार्ड प्रभारी राहुल राजपूत। जोन क्रं. 04 शिवाजी नगर क्षेत्र में सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी। इसी प्रकार जोन क्रं. 05 क्षेत्र में बेदखली दल प्रभारी हरिओम गुप्ता, सहायक दल प्रभारी अंजनी सिंह आकाश गंगा, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला कोहका रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, नंदिनी रोड़, जवाहर मार्केट, पावर हाउस, जलेबी चौक एरिया एरिया में आवागमन को पार्किंग एरिया को व्यवस्थित करवाएं। सभी लोग गाड़ियां वहीं पर खड़ा करें, जहां पार्किंग स्थल है। साथ में माल की ढुलाई दुकान बंद होने के बाद करें। दिन में माल की ढुलाई करने से रास्ता बाधित होता है। कभी-कभी गाड़ियां बेतरतीब पार्किंग होने से लोगों को चोट भी लग जाती है। हमको इसका भी ध्यान देना है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने सभी व्यापारियों से एवं ग्राहकों से अनुरोध किया है कि गाड़ियों का पार्किंग बनाये गये पार्किंग स्थल पर ही करें, आवागमन को बाधित न करें। त्यौहार का सीजन है लोग घरों से निकलकर सामान खरीदने के लिए आते हैं। पार्किंग में बेतरतीब गाड़ियां खड़ा कर देने से पार्किंग बाधित होता है सहयोग करें।

## एक नजर

### छात्र से 1.25 लाख की ठगी

**भिलाई,23 अक्टूबर।** भिलाई मेडिकल छात्र ने ओएलएक्स पर मिक्सर ग्राइंडर बेचने विज्ञापन डाला अनजान नंबर से ठग ने कॉल कर क्यूआर कोड स्कैन कराया और 1 लाख 25 हजार 498 रुपए की ठगी कर ली पुलगांव पुलिस ने बताया कि ऋषभ कॉलोनी निवासी दिव्यांश दुबे (20 साल ) मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है उसने शिकायत की है कि ओएलएक्स पर विज्ञापन डालने पर अज्ञात नंबर से कॉल आया उसने कहा कि नेहरु नगर में रहता हूं लेकिन उसका मर्चेंट अकाउंट है इसलिए यूपीआई से पैसे ट्रांसफर नहीं कर पाएगा नॉर्मल तरीके से पेमेंट करेगा ठग ने क्यूआर कोड भेजा स्कैन करते ही ठगी हो गई ।

### चाकू से हमला, युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 23 अक्टूबर** भिलाई गाली गलौज करने चाकू से हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 109 के तहत जुर्म दर्ज किया है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि रामनगर बाजार चौक निवासी जितेंद्र सिंह केडिया डिस्लरी में सुपरवाइजर के पद पर काम कार्यरत है। शाम को अपने घर से निकलकर सत्तु होटल के सामने बैठा हुआ था इस दौरान संतोष निर्मलकर आया और गाली-गलौज करने लगा तभी जितेंद्र सिंह ने मना करने पर धमकाते हुए संतोष ने अपने कमर से चाकू निकाला और जितेंद्र सिंह पर हमला कर दिया। जितेंद्र के बांए हाथ की कोहनी के चोट आई है उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया पुलिस ने आरोपी संतोष निर्मलकर को गिरफ्तार कर लिया है।

### चालक से मारपीट, 3 गिरफ्तार

**भिलाई,23 अक्टूबर।** भिलाई जेवरा-सिरसा चौकी क्षेत्र एक्सीडेंट की रिपोर्टिंग करने गए चैनल के ड्राइवर से मारपीट करने का मामला सामने आया है शराब के नशे में धुत लोगों ने मिलकर उसके साथ जमकर मारपीट की, जिससे ड्राइवर लहुलुहान हो गया पीड़ित की शिकायत पर दामेन दास मानिकपुरी, राजीव मांडले, संतोष कुमार बघेल तीनों निवासी कचांदूर के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 3 (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया ।

### हादसे में मौत,चालक जेल भेजा गया

**भिलाई, 23 अक्टूबर।** भिलाई जिले के कचान्दूर से ढौर मार्ग पर सुबह ट्रक से कुचलकर हुई तीन लोगों की मौत के मामले में आरोपी ट्रक चालक को जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी चालक संजय सहारे निवासी बोर तलाव जिला राजनांदगांव को रिमांड में लेकर जेल दाखिला किया गया है ।

भिलाई जिले में बदमाशों के हौसले इतने बुलंद होते जा रहे हैं कि वे पुलिस वालों के घर में भी चोरी जैसी घटना से नहीं झिझक रहे हैं देर रात को दो बदमाश, भट्ठी थाना में पदस्थ सिपाही कौशल सिन्हा के विराट नगर बोरसी स्थित घर में घुसे देर रात करीब एक बजे दरवाजे की सिटकनी को तोड़ने की आवाज सुनकर सिपाही की पत्नी लेखा सिन्हा की नींद खुल गई और उसने शोर मचाने की कोशिश की तो बदमाशों ने चाकू दिखाकर उसे और उसे बच्चों को मारने की धमकी दी इसके बाद बदमाशों ने घर में रखे सोने चांदी के जेवर और पांच हजार रुपये नकद चोरी कर लिए खास बात ये है कि बदमाशों को पकड़ने के बजाए पुलिस इस मामले पर पर्दा डालने का प्रयास करती रही अभी सूरजपुर जिले की घटना की चर्चा खत्म भी नहीं हुई है जिसमें बदमाशों ने एक सिपाही की पत्नी और बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी थी। उस घटना को लेकर प्रदेश भर की पुलिस में आक्रोश वाली स्थिति है और दुर्ग जिले में भी वैसी ही स्थिति निर्मित होते होते बची चोरी करने के लिए घर में घुसे बदमाशों को देखकर सिपाही की पत्नी के साथ ही उसके दोनों बच्चे भी भयभीत हो गए थे। बदमाशों ने स्पष्ट धमकी दी थी कि यदि उसने थोड़ा भी शोर मचाया तो वे लोग उसे और उसके दोनों बच्चों को जान से मार देंगे आरोपितों की धमकी के डर से सिपाही की पत्नी अपने दोनों बच्चों को लेकर घर के एक कोने में दुबकी रही और बदमाश उसके सामने ही घर में सामान चुराते रहे अभी दोनों आरोपित, पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**भिलाई, 23 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा 20 अक्टूबर को मैत्री बाग के कैंडल गार्डन में भिलाई एवं उसके आसपास के विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था सत्यनिष्ठ की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक और एसीवीओ सत्यब्रत कर थे। कर ने छात्रों के साथ बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन 2 निर्णायकों प्रसिद्ध कलाकार शत्रुघ्न स्वर्णकार और मोहन कुमार बराल द्वारा किया गया। विजेताओं को 2 नवम्बर को महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के समापन समारोह में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

### डोम शेड एवं कक्ष निर्माण के लिए 40 लाख स्वीकृत

**दुर्ग, 23 अक्टूबर।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखण्ड पाटन एवं धमधा के ग्राम पंचायतों में डोम शेड एवं कक्ष निर्माण के लिए 40 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# शिविर में बनाया जा रहा आयुष्मान कार्ड



**भिलाई, 23 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में नागरिकों की सुविधा के लिए शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। शिविर भिलाई शहर में प्रतिदिन अलग-अलग वार्डो के चिन्हित स्थानों पर लगाया जा रहा है। शहर के जिन नागरिकों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, वे नागरिक शिविर स्थल पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। शासन से प्राप्त सुविधा के अनुसार रु.50000 तक का इलाज सामान्य वर्ग के लिए, रु. 5 लाख तक का इलाज बीपीएल परिवार के लिए, 70 साल से अधिक उम्र के व्यक्ति के लिए भी रु.500000 तक का इलाज की सुविधा आयुष्मान कार्ड पर मिल रहा है। निगम के सभी जोन में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो इनके कार्य की मॉनिटरिंग करेंगे। इसके लिए जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर में अजय सिंह राजपूत, जोन क्रमांक 02 वैशालीनगर में सुश्री येशा लहरे, जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार में सतीश यादव, जोन क्रमांक 05 सेक्टर 06 में जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है। निगम क्षेत्र के इन जगहो पर लगेगा शिविर 22 एवं 23 अक्टूबर को वार्ड 06 प्रियदर्शिनी परिसर शीतला मंदिर संजय नगर, वार्ड 21 कैलाश नगर पार्षद कार्यालय व सुलभ शौचालय के पास, वार्ड 35 शारदा पारा पार्षद कार्यालय जनता स्कूल के पास, वार्ड 43 बापू नगर अम्बेडकर भवन, वार्ड 62 सेक्टर 06 मध्य सड़क 34 के बीच डोम शेड। 24 एवं 25 अक्टूबर को वार्ड 07 राधिका नगर सियान सदन, वार्ड 22 कुरूद सांस्कृतिक भवन बाजार चैंक व दुर्गा पंडाल प्रगति नगर, वार्ड 36 श्याम नगर सूर्या नगर सतनाम भवन व अहमत नगर आंगनबाड़ी केन्द्र, वार्ड 44 लक्ष्मी नारायण नगर जलाराम मंदिर प्रांगण, वार्ड 63 सेक्टर 06 पश्चिम सड़क 55 तेलगुपारा व सड़क 65 दुर्गा मंच। 28 एवं 29 अक्टूबर को वार्ड 08 कृष्णा नगर राधाकृष्ण मंदिर व बजरंग चैंक वार्ड कार्यालय, वार्ड 23 घासीदास नगर दुर्गा मंच व कर्मा मंच, वार्ड 37 संत रविदास नगर पार्षद कार्यालय के पास, वार्ड 45 बालाजी नगर सामुदायिक भवन सांई मंदिर परिसार, वार्ड 64 सिविक सेंटर सेक्टर 10 सड़क 17 पार्षद कार्यालय के पास।

# एएसपी ने दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की विनम्र अपील की

**कवर्धा, 23 अक्टूबर।** कबीरधाम जिला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने सभी लोगों से वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की विनम्र अपील करते हुए कहा की कोचिंग , कालेज , मार्केट ओर आफिस जाते समय हेलमेट अवश्य पहनना चाहिए और खासकर दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट को अपना मित्र मानकर हेलमेट अवश्य पहने और वाहन ज्यादा तेज गति से ना चलाए । प्राथमिकता के सवाल पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने कहा की बेहतर कानून व्यवस्था पर विशेष फोकस है । गांवों और शहरो में जिला एसपी के निर्देशन में जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में पुलिस थाना और पुलिस चौकी की पुलिस विभाग टीम लगातार पेट्रोलिंग कर रही है और लोगों की सुरक्षा के प्रति पुलिस विभाग गंभीर दिख रही है । भारत देश में खासकर देखा जाता है हेलमेट नहीं पहनने पर एक्सीडेंट होने पर वाहन चालक की स्थिति बहुत गंभीर हो जाती है लेकिन हेलमेट पहनने पर यदि एक्सीडेंट होता है तो अस्पताल में जल्द ठीक भी हो जाता है ।



# दीनी-दुनियावी तालीम की कसौटी पर परखे गए मदरसों के छात्र

**भिलाई, 23 अक्टूबर।** मदरसा जामिया अरबिया पावर हाउस कैम्प-2 में विभिन्न जिलों में दीनी तालीम हासिल कर रहे तलबा (छात्रों) के लिए शैक्षणिक स्तर की प्रतियोगिता मुसाबक तालीमी मयार का दो दिवसीय आयोजन मंगलवार से शुरू हुआ। प्रतियोगिता पवित्र कुरआन को सही उच्चारण के साथ पढ़ने और इससे मिलने वाली तालीम और दुनियावी जिंदगी से जुड़े सवालों पर थी। आयोजन के बारे में मदरसे के मोहतमिम हाफ़िज़ कासिम बस्तवी ने बताया कि बच्चों में दीनी ओर दुनियावी तालीम बहुत ज़रूरी है, जिससे वे इंसानियत के पैगाम को आम करें ओर अपने अंदर भी इंसानियत पैदा करें। आयोजन में मुफ्ती दानिश अमरावती ओर इस्लामिक स्कॉलर हज़रत इफ्तिखार ने संबोधित करते हुए आवाम ओर तालीम हासिल कर रहे छात्रों को हज़रत मोहम्मद सल्लाहु अलैहिसल्लम वाली पाकीजा जिंदगी अपनाने के साथ अल्लाह के अहकाम पर चलते हुए मां बाप की इज्जत, पड़ोसियों का हक और रिश्तेदारो के हक को पहचान कर उसको पूरा करने की बात कही। मुफ्ती मोहम्मद सालिम ने बताया कि मुसाबक का असल मकसद तालीमी बेदारी (शिक्षा के प्रति जागरूकता) लाना है। समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताएं होते रहनी चाहिए। मौलाना इनामुल हसन ने कहा कि



तालीम,शिक्षा के जरिए बच्चों में अदब,समझ बूझ पैदा होती है जिससे वो अपने अच्छे-बुरे की पहचान रख पाता है। पहले दिन की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ स्तर पर मोहम्मद अबु जैद मदरसा जामिया अरबिया पावर हाउस कैंप 2 अव्वल, शम्स अतहर मदरसा तालीमुल कुरान रांका दूसरे और मोहम्मद सोहेल मदरसा उरूज उल इस्लाम कटघोरा तीसरे रहे। इसके अलावा भाग लेने वाले तमाम तालिबे इल्म को इनाम दिए गए। प्रतियोगिता में निजामत मौलाना जुनैद ने की।निर्णायक मुफ्ती नजमुद्दीन व मुफ्ती दानिश और सवाल करने वाले कारी नेमतुल्लाह रांका थे। आखिर में मदरसे की ओर से शहर के बुजुर्ग सैयद जमीर ने मुल्क के अमन चैन खुशहाली की दुआ की।

# पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर कपड़े का थैला लेकर ही करें मार्केटिंग: निर्भय साहू

**कवर्धा, 23 अक्टूबर।** बाजार पहुंचते है ग्राहक आलू, प्याज ,टमाटर, राहर दाल , बिस्किट , कुरकुरे, चिप्स , खरीदने जाते है बिना कपड़े के थैला के ओर उन्हें दुकानदार झिल्ली में समान देता है । फिर ग्राहक घर पहुंचते ही सामान निकालकर झिल्ली को नाली या रास्ते में फेक देते है जिससे पर्यावरण और स्वच्छता अभियान पर असर पड़ता है । जिले के अपर कलेक्टर निर्भय साहू ने सभी लोगों से विनम्र अपील की है की कपड़े का थैला लेकर बाजार जाए और दुकानदार भी ग्राहकों को कहे की कपड़ा का थैला जरूर लाए । दुकान में भी लिखी जा सकती है कपड़े का थैला अवश्य लाए । कवर्धा , पंडरिया , बोड़ला, सहसपुर लोहारा , कुंडा में भी दुकानों में झिल्ली में समान ग्राहकों को दी जारी है और अधिकतर ग्राहक कपड़े का थैला लेकर दुकान भी नहीं पहुंच रहे है चिंतनीय विषय हैं ।



# ज्ञान एवं अनुभव से इंजीनियरिंग एवं अधोसंरचना के कार्यों में दें सकारात्मक सुझाव:पुनीत चौबे

## विश्व मानक दिवस एवं 50 वीं वार्षिक आमसभा का आयोजन

**भिलाई, 23 अक्टूबर।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा रविवार 20 को भिलाई शाखा की 50 वीं वार्षिक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई शाखा के चेयरमैन पुनीत चौबे ने की। विशिष्ट अतिथि वक्ता के रूप में श्रीमती मंजू हरिदास, महाप्रबंधक, सेट सेल, भिलाई उपस्थित थीं। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में पुनीत चौबे ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स की (इंडिया) भिलाई शाखा की स्थापना सन 1961 में भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रारंभिक काल में हुई थी और तबसे संस्था द्वारा इंजीनियरिंग ज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही है। चौबे ने संस्था के उपस्थित वरिष्ठ सदस्यों से अनुरोध किया कि आप अपने ज्ञान एवं अर्जित अनुभवों से प्रदेश स्तर पर एवं स्थानीय स्तर पर हो रहे इंजीनियरिंग एवं अधोसंरचना के कार्यों में संस्था के माध्यम से सकारात्मक सुझाव दें। सेट सेल की महाप्रबंधक श्रीमती मंजू हरिदास ने अपने उद्बोधन में विश्व मानक दिवस के आयोजन के महत्व और विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बतलाया कि पूरे विश्व में प्रत्येक देश के अपने मानक हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मानक हैं जो सभी के लिए समान रूप से लागू हैं। श्रीमती हरिदास ने जर्मन स्टैंडर्ड डी आई एन , अमेरिकन स्टैंडर्ड ए एन एस आई, जापान के स्टैंडर्ड, और प्रमुख देशों में मानकों के बारे में बतलाया। बसंत साहू, मानसेवी सचिव ने अपने संबोधन में संस्था के पूरे वर्ष की गतिविधियों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष पी के तिवारी, बी पी यादव, शिखर तिवारी, पूर्व सचिव डॉ नागेंद्र त्रिपाठी, कार्यकारिणी सदस्य, इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स भिलाई शाखा के सम्मानित सदस्यगण, उपस्थित थे।

### सेल एसएचआरएम एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित

**भिलाई, 23 अक्टूबर।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित एसएचआरएम इंडिया वार्षिक सम्मेलन - 2024 में समावेश, समानता और विविधता में उत्कृष्टता और डिस्ट्रीब्यूटेड वर्कफोर्स प्रबंधन में उत्कृष्टता श्रेणियों में एसएचआरएम - एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने उपरोक्त सम्मेलन के दौरान श्रोताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उद्योग जगत के कई दिग्गजों ने भी अपने विचार और अंतर्दृष्टि साझा किए। एक संवाद सत्र के दौरान, सेल निदेशक (कार्मिक) के. के. सिंह ने सेल द्वारा अपनाए गए अभिनव मानव संसाधन प्रणालियों को साझा किया ।

# यातायात विभाग की सराहनीय पहल




कवर्धा। यातायात विभाग की सुंदर पहल , गाड़ी के पीछे लिखा है यदि आप देखते हो की किसी का एक्सीडेंट हो जाता है तो उसे अस्पताल अवश्य पहुंचाएं ।

# शहीद स्मारक ग्राउंड में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया

**दुर्ग, 23 अक्टूबर।** विगत 21 अक्टूबर को प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई प्रांगण में स्थापित शहीद स्मारक ग्राउण्ड में ''पुलिस स्मृति दिवस'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि श्री रामगोपाल गर्ग भा.पु.से. पुलिस महानिरीक्षक, दुर्ग रेंज दुर्ग ने बताया कि आज से 65 वर्ष पूर्व 21 अक्टूबर, 1959 को भारत और तिब्बत के बीच 2,600 मील की सीमा की सुरक्षा के लिए तैनात सीआरपीएफ के 10 जवानों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए लड़ते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन वीर पुलिस जवानों की स्मृति में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है और तब से लेकर आज पर्यन्त हम सभी एकत्रित होकर उन वीर पुलिस जवानों का स्मरण करते हैं और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने देश की एकता व अखण्डता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी तथा देशप्रेम और बलिदान की सर्वोच्च परम्परा स्थापित की है।21 अक्टूबर का यह दिन, उन सभी पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि देना है जिन्होंने कर्तव्य परायणता में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए तत्पश्चात् उन्होंने 01 सितम्बर 2023 से 31 अगस्त 2024 तक कर्तव्य की वेदी पर शहीद हुए पुलिस जवानों के नामों का वाचन किया गया। इस अवधि में 216 पुलिस जवान जिसमें आंध्र प्रदेश-02, अरूणाचल प्रदेश-02, असम-06, बिहार-15, छत्तीसगढ़-11, झारखण्ड-04, कर्नाटक-05, केरल-01, मध्यप्रदेश-23, महाराष्ट्र-03, णिपुर-06, मेघालय-01, नागालैण्ड-04, उड़ीसा-02, पंजाब-02, राजस्थान-20, तमिलनाडू-05, तेलंगाना-01, पुरा-03, उत्तर प्रदेश-02, उत्तराखण्ड-04, पश्चिम बंगाल-09, अण्डमान एण्ड निकोबार द्वीप-01, दिल्ली-05, जम्मू एण्ड कश्मीर-07, बीएसएफ-19, सीआईएसएफ-06, सीआरपीएफ 23, आईटीबीपी-06, एसएसबी-02, एफएस, सीडी एण्ड एचजी 02, आरपीएफ-14 के वीर पुलिस कर्मियों ने कर्तव्य परायणता के दौरान अपने प्राणों की आहूति दी है।कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी भा.प्र.से., श्री राजेश कुकरेजा. भापुसे. सेनानी, प्रथम वाहिनी छ.स.बल भिलाई, पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ला भापुसे जिला दुर्ग, श्री एम. भार्गव भाप्रसे परिवीक्षाधीन एडिशनल कलेक्टर, श्री रामकृष्ण साहू भापुसे. पुलिस अधीक्षक, जिला बेमेतरा, श्री एस.आर. भगत भापुसे, पुलिस अधीक्षक जिला बालोद, श्री चिराग जैन, परिवीक्षीधीन भापुसे, श्री वेदव्रत सिरमौर, अति. पुलिस अधीक्षक, दुर्ग, श्री सत्यनारायण राठौर, अति. पुलिस अधीक्षक, दुर्ग, श्री अरूण गजपाल, पुलिस अधीक्षक, दूरसंचार, श्रीमती सबा अंजुम, उप सेनानी, प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई, श्रीमती मीता पवार, उप सेनानी, 7वीं वाहिनी छसबल भिलाई, श्री जयलाल मरकाम, सहायक सेनानी, प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई, श्री संदीप मोरे, सहायक सेनानी, श्री शिवकुमार निषाद, सहायक सेनानी, श्री गोरखनाथ प्रसाद, सहायक सेनानी, सातवीं वाहिनी उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त दुर्ग संभाग के अंतर्गत पुलिस इकाइयों के अधिकारीगण, अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं शहीदों के परिवारजन उपस्थिति रहे। कार्यक्रम परेड में प्रथम वाहिनी, सातवीं वाहिनी भिलाई, 14वी वाहिनी धनोरा, 21वीं वाहिनी करकाभाट, जिला बालोद, जिला बेमेतरा का बल सम्मिलित था। परेड द्वारा शहीदों को सलामी दी गई।मुख्य अतिथि श्री रामगोपाल गर्ग भापुसे पुलिस महानिरीक्षक, दुर्ग रेंज दुर्ग, श्री राजेश कुकेरजा, भापुसे, सेनानी, प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई, सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, कलेक्टर, जिला दुर्ग श्री जितेन्द्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक दुर्ग एवं कार्यक्रम में उपस्थित बालोद, बेमेतरा, एसटीएफ, दूरसंचार, सेनानी प्रथम, सातवी वाहिनी, 14 वी वाहिनी, 21वीं वाहिनी एवं अन्य पुलिस राजपत्रित अधिकारी, कर्मचारी व शहीद के परिवारजनों के द्वारा शहीद स्मारक को श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस दौरान शहीद परिवारजनों के भावुकता भरे पलों से सभी की आंखें नम हो गई।कार्यक्रम के अन्तिम दौर में मुख्य अतिथि श्री रामगोपाल गर्ग भापुसे पुलिस महानिरीक्षक, दुर्ग रेंज के द्वारा शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों को शाल, श्रीफल भेंट कर उनकी समस्या सुनी और उनके तत्काल निराकरण के आदेश दिये।

# राज्यपाल ने किया एसबीएस हॉस्पिटल को स्वच्छ हॉस्पिटल पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई, 23 अक्टूबर ।** कला मंदिर, सिविक सेंटर में सोमवार 21 अक्टूबर को आयोजित स्वच्छता वीर सम्मान समारोह में राज्यपाल रमेन डेका, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, वैशालीनगर के विधायक रिकेश सेन द्वारा स्वच्छता वीरों को सम्मानित किया। इस अवसर स्वच्छता अभियान के तहत श्री बीरा सिंह मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल को स्वच्छ हॉस्पिटल के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रदेश के राज्यपाल रमन डेका द्वारा समाजसेवी, हैवी ट्रांसपोर्ट के युवा संचालक एवं एसबीएस हॉस्पिटल के डायरेक्टर इन्द्रजीत सिंह छोटू को प्रदान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में दुर्ग विधानसभा के विधायक गजेंद्र यादव भी मौजूद रहे। उनके साथ इस अवसर को साझा करते हुए हॉस्पिटल के समर्पण और प्रयासों की सराहना की गई, जो लगातार उच्चतम मानकों के साथ स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर है।

# आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है हमारी सरकार:मुख्यमंत्री

### मयाली में पर्यटन को बढ़ावा देने 10 करोड़ की राशि देने की घोषणा की

**रायपुर, 23 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले के मयाली में सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक ली। प्राधिकरण के सदस्यगणों तथा प्रमुख विभागों के सचिवों के उपस्थित में मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की और निर्देशित किया कि अप्रारंभ कार्यों को निरस्त कर प्रगतिरत् कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण के सदस्यों से वन-टू-वन चर्चा कर उनके क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं और मांगों की जानकारी लेते हुए प्रस्ताव देने की अपील की। उन्होंने बैठक में सदस्यों द्वारा बताई गई समस्याओं का संबंधित विभाग के माध्यम से निराकरण के निर्देश दिए।

प्राधिकरण की बैठक संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के समय से ही



प्रदेश का चहुमुखी विकास किया जा रहा है। उन्होंने आदिवासी क्षेत्र में विकास के लिए प्राधिकरण का गठन कर संसाधन उपलब्ध कराए। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में पांच प्राधिकरण है। हमारी सरकार चाहती है कि बस्तर से लेकर सरगुजा क्षेत्र तक का विकास हो। इसके लिए बजट में राशि नहीं होने पर प्राधिकरण के माध्यम से आवश्यक कार्य कराए जाएंगे। भारत सरकार और राज्य सरकार चाहती है कि प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्गो का विकास हो। प्राधिकरण के माध्यम से इन क्षेत्रों में संसाधन की व्यवस्था कर विकास की गति को और आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी ने पीएम जनमन और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य और आदिवासी क्षेत्रों में विकास हेतु बजट का प्रावधान किया है। उनकी इन योजनाओं से राज्य के सभी क्षेत्रों में विकास कार्यो को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि उनकी सरकार ने बजट में आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए फोकस किया है। हमारी सरकार बस्तर और सरगुजा संभाग क्षेत्र के विकास के लिए वचनवद्ध होकर कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले के मयाली में प्राधिकरण की बैठक को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारी की सरहाना की और कहा कि जशपुर जिले में खनिज संसाधनों का भण्डार होने के साथ ही वन एवं वनोपज की उपलब्धता है। यहॉ के वनोपज, महत्वपूर्ण उत्पादों का वैल्यू एडिशन कर ग्रामीणों एवं किसानों को आगे बढ़ाया जा सकता है।

## रकम डबल करने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार




**राजनांदगांव 23 अक्टूबर।** दिनांक 21.10.24 को प्रार्थी चौकी चिखली में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दो माह पूर्व विनय तिवारी, धनंजय वर्मा द्वारा रकम डबल करके दूंगा कह प्रार्थी से एक लाख दस हजार रूपये लेकर धोखाधड़ी किये है कि रिपोर्ट पर धारा 318(4),3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही मे लिया गया मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दिया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में चौकी चिखली स्टाफ द्वारा आरोपी की पतासाजी हेतु टीम तैयार कर रवाना हुआ आरोपियो को बजरंगपुर नवागांव मे होना सूचना मिलने पर बजरंगपुर नवागांव दबिष देकर घेराबंदी कर आज दिनांक 22.10.24 आरोपी 01. विक्की उर्फ विनय तिवारी(नायडू) पिता रमेष तिवारी उम्र 37 साल साकिन षिवनगर गली नं. 06 ओपी चिखली राजनांदगांव छ.ग. 02. धनंजय वर्मा पिता निर्मोहन वर्मा उम्र 40 साल साकिन अछोली थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव स्थायी पता ग्राम बढ़ईटोला थाना खैरागढ़ जिला के.सी.जी. छ.ग. को पकड़ा गया ।

## एक नजर

### नगरपालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण संशोधित कार्यक्रम जारी

**राजनांदगांव 23 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसमें निर्वाचक नामावली के संबंध में दावा-आपत्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि को बढ़ाया गया है। जारी संशोधित नगरपालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि बुधवार 30 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक है। दावा-आपत्ति का निराकरण की अंतिम तिथि एवं प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 8 नवम्बर 2024 है। प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 12 नवम्बर 2024 है। दावा-आपत्ति के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर की जा सकती है। परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि बुधवार 20 नवम्बर 2024 तक सॉफ्टवेयर में किया जाएगा। चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु शुक्रवार 22 नवम्बर 2024 तक जिला कार्यालय को सौंपा जाएगा। अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ सोमवार 25 नवम्बर 2024 तक संलग्न किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन बुधवार 27 नवम्बर 2024 को किया जाएगा।

### अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने पुलिस ने की कार्रवाई



**राजनांदगांव 23 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन मे अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु कड़ी कार्यवाही करने के संबंध में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था जिसके तहत दिनांक 21.10.2024 को थाना सोमनी पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से 200 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 18000/- रूपये एवं 96 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 12480/- रूप्ये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही की गई। थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से 30 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2700/- रूपये एवं 34(1) के 01 प्रकरण में 14 पौवा अंग्रेजी शराब एवं 05 पौवा देशी प्लेन शराब कुल कीमती 22700/- रूप्ये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही की गई। थाना घुमका पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से 18 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1620/- रूपये व शराब बिक्री रकम 180 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही की गई। चौकी चिखली पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से 50 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 4500/- रूपये एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त 01 नग मोटर सायकल क्रमांक- सीजी08-एई-2328 कीमती- 12000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही की गई। एवं पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा 36(च) के 02 प्रकरण में 02 आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही की गई है । इस प्रकार जिले में कुल 34(2) के 03 प्रकरण में 04 आरोपी के पास से 280 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 25200 रूपये जप्त व 01 नग मोटर सायकल कीमती- 12000/- रूपये जप्त, 34(1) के 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से 23 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1620/- रूपये एवं 14 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती-2270/- रूपये जप्त एवं बिक्री रकम 180/- रूपये जप्त इस प्रकार कुल 07 प्रकरणों में 08 आरोपियों के पास से जुमला मशरूका 53,570/- रूपये जप्त की गई है। आगे भी असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

### मोर मकान मोर आस योजनांतर्गत आवास का लाभ लेने अब 28 अक्टूबर तक निगम में दावा-आपत्ति

**राजनांदगांव 23 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने नगर निगम राजनांदगांव द्वारा रेवाडीह, पेन्ड्रीऊ लखोली, मोहारा आदि क्षेत्रों में आवास का निर्माण किया गया है, जहाँ पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार आवास आबंटित किया जा रहा है। योजना अंतर्गत दिनांक 14 अक्टूबर 2024 तक कार्यालय मे प्राप्त आवेदनों की खतौनी (आवेदनों का परीक्षण) करने के उपरांत पात्र-अपात्र आवेदनों की सूची नगर निगम के सूचना पटल पर दिनांक 14 अक्टूबर 2024 दिन सोमवार से जनसाधारण के अवलोकन हेतु प्रकाशित की गई थी। जिसके लिये 22 अक्टूबर 2024 तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया था, उक्त तिथि में वृद्धि करते हुये 28 अक्टूबर 2024 तक निर्धारित किया गया है। इस संबंध में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने पात्र हितग्राहियों के दावा आपत्ति तिथि में वृद्धि करते हुये 28 अक्टूबर 2024 संध्या 5:00 बजे तक निर्धारित की गयी है। ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राही को ही योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि अपात्र हितग्राही भी 28 अक्टूबर तक सूची में दर्शित आपात्र आवेदक भी अपात्रता के कारण की परीक्षण कर निराकरण कर सकते, ताकि उन्हें पात्रता की सूची में लाया जा सके। निर्धारित तिथि उपरांत दावा आपत्ति पर विचार विमर्श नहीं किया जायेगा। दावा आपत्ति उपरांत पात्र आवेदकों को नियमानुसार लाटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जायेगा।

## पटाखा दुकानों में आग से बचाव के उपाय सुनिश्चित नहीं करने पर की जाएगी कार्रवाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 23 अक्टूबर।** बालोद जिले में संचालित सभी स्थायी, अस्थायी पटाखा दुकानों में आग से बचाव के उपाय सुनिश्चित नही करने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा, अधिनियम 2018 व छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत् कार्रवाई की जाएगी। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना ने बताया कि अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ तथा एसडीआरएफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा पटाखा दुकानों में आग से बचाव के संबंध में एडवाइजरी जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे-कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम 3 मीटर की दूरी पर एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जानी चाहिए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित किया जाना अनिवार्य है। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होनी चाहिए। विद्युत तारों में ज्वाइन्ट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए। पटाखा दुकानें ट्रांसफार्मर के पास न हो और उसके ऊपर से हाई टेंशन पावर लाईन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 05 किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र होना चाहिए जिसकी मारक क्षमता 06 फीट की होती है। पटाखा दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए। पटाखा दुकानों के सामने बाईक, कार की पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए। अग्निशमन वाहन एवं एम्बुलेंस का फोन नंबर दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाए। अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए।

### कौशल पखवाड़ा का हो रहा आयोजन

**बालोद, 23 अक्टूबर।** जिले में केन्द्र व राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, नल जल मित्र कार्यक्रम के तहत् प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। ग्रामीण स्तर के युवाओं तक कौशल प्रशिक्षण की पहुँच बनाने के उद्देश्य से 14 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कौशल प्रशिक्षण हेतु 14 से 45 वर्ष के युवाओं को काउंसलिंग कर कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सम्मिलित कराकर उन्हें रोजगार व स्वरोजगार हेतु सक्षम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम कन्नेवाड़ा में ''कौशल पखवाड़ा'' का आयोजन किया गया।

## अजोला उत्पादन तकनीक का प्रदर्शन

**राजनांदगांव 23 अक्टूबर।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र राजनांदगांव के आरएडब्ल्यूई विद्यार्थियों द्वारा किया गया अजोला उत्पादन तकनीक का प्रदर्शन दिनांक 22 अक्टूबर 2024 को ग्राम धामनसरा मे पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि विश्वविद्याला एवं अनुसन्धान केन्द्र राजनांदगांव के आरएडब्ल्यूई के छात्रों द्वारा अधिष्ठिता महोदया डॉ. जयालक्ष्मी गाँगुली के मार्गदर्शन मे ग्राम धामनसरा में अजोला उत्पादन तकनीक का प्रदर्शन कर उसके उपयोग तथा लाभ से अवगत कराया गया। इस उत्पादन प्रदर्शन के दौरान ग्राम धामनसरा के सरपंच श्री लोकेश गंगवीर तथा मुख्य किसान योगेंद्र वैष्णव तथा अन्य किसान शामिल हुए।




## समाचार संक्षेप

### रबी फसल के उत्पादन पर जोर, समर्थन मूल्य और क्षतिपूर्ति का क्या: छन्नी चंदू साहू

**छुरिया 23 अक्टूबर।** जिला प्रशासन द्वारा इन दिनों रबि सीजन में धान की जगह मक्का, गन्ना, दलहन - तिलहन और दूसरी फसलें बोने गांव-गांव में मुनादी करवाई जा रही है। खुज्जी की पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने इस अपील को गंभीरता से लेते हुए किसानों से जुड़े सवाल उठाएं हैं। उन्होंने कहा कि, एक ओर भाजपा सरकार गन्ने की बोनस राशि में कटौती करने का आदेश जारी कर रही है। तो दूसरी ओर किसानों से अपील की जा रही है कि वे मिलेट्स और दूसरी फसलों का उत्पादन करें। भाजपा शासन में यह बड़ी भ्रामक स्थिति है। जिसका उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है उसमें ही बोनस की कटौती कर किसानों को हतोत्साहित किया जा रहा है। पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने कहा कि, प्रदेश की भाजपा सरकार मक्का, गेंहू, रागी, दलहन, तिलहन, गन्ना और सब्जी की फसल को प्रोत्साहित करने से पहले छत्तीसगढ़ सरकार इनकी खरीदी और समर्थन मूल्य तय करे। उन्होंने कहा कि जिन फसलों का उत्पादन किसानों को करने कहा जा रहा है उससे बड़ा फायदा व्यापारियों को मिलेगा। जबकि भौगालिक परिस्थितियों, मिट्टी की उपजाऊ क्षमता, उसका परीक्षण और गुणवत्ता के साथ ही इस तरह की फसलों के लिए आवश्यक जानकारी, दवा, बीज, खाद और प्रशिक्षण का अभाव है। इन सबके चलते किसानों को इन फसलों के उत्पादन में बड़े नुकसान की भी आशंका है। इस तरह की फसलों को लेकर किसानों को जो आवश्यक जानकारी मिलनी चाहिए वो उनके पास नहीं है। जागरुकता के लिए कार्यशाला और दूसरे तरह के प्रयासों के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही की गई है। कई कारण है कि किसान ये फसल नहीं ले पाएंगे, जिसमें सबसे बड़ा कारण समर्थन मूल्य है।



पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने कहा कि, मैं हालही में हसदेव से लौटी हूं। वहां अंधाधुन जंगल काटे जा रहे हैं। आदिवासियों के गांव नेस्तानाबूत कर दिए गए हैं। उन पर लाठियां चलाई जा रही है। जल-जंगल-जमीन की लड़ाई लड़ने वाले आदिवासी लहूलुहान हो रहे हैं। पर, निर्दयी और मतलब परस्त सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा। मौजूदा सरकार ने आदिवासी, किसानों का सिर्फ शोषण करने की ठान ली है। उन्होंने कहा कि, 15 अक्टूबर को राज्य शासन ने गन्ना विक्रय पर भुगतान और बोनस का पुर्ननिर्धारण किया है। इसमें किसानों को मिलने वाले गन्ने के बोनस पर 9 रुपए की कटौती की गई है। ऐसे निर्णयों से साफ है कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार सुशासन नहीं बल्कि गरीबों, किसानों, आदिवासियों को कुचलने का काम कर रही है।

### गृहणियां भी ले रहीं भाजपा की सदस्यता, युवाओं में उत्साह:परवेज



**राजनांदगांव 23 अक्टूबर।** भाजपा का सदस्यता अभियान महापर्व के तहत जन-जन को लोहिया और मुखर्जी की अंत्योदय और राष्ट्रप्रेम की विचारधारा से जोड़ने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को ग्राम इंदामरा और बरगा में पूर्व सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल की मौजूदगी में ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ली। अतिथियों ने नव सदस्यों के जुड़ने पर हर्ष व्यक्त किया। सभी सदस्यों का सम्मान भी किया गया। भाजपा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने बताया कि, राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भाजपा से नए सदस्यों को जोड़ने का अभियान क्रमवत चल रहा है। 15 से अधिक गांवों में सदस्यता अभियान ने दस्तक दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से प्रभावित लोग भाजपा के सदस्य बन रहे हैं। महतारी वंदन योजना और उज्जवला योजना का लाभ ले रहीं गृहणियां भी भाजपा की सदस्य बनने खुद सामने आ रही हैं। युवा वर्ग में भी बड़ा जोश नज़र आ रहा है। उन्होंने बताया कि, ग्राम इंदामरा और बरगा में मंगलवार को आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोग जुटे। नए सदस्यों को तिलक कर उनका भाजपा परिवार में स्वागत किया गया। यहां अतिथियों ने भाजपा की विचारधारा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक सफलताओं और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की उपलब्धियों पर बात की। परवेज ने कहा कि, पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल और सांसद संतोष पांडे की संसदीय क्षेत्रों के लिए हासिल की गई उपलब्धियों पर भी लोगों के बीच चर्चा हो रही है। इस दौरान ग्राम बरगा में बलराम निर्मलकर, गजराज सिंह भरतद्वाज, ग्राम इंदामरा से बूथ अध्यक्ष नरोत्तम साहू, गजेंद्र वर्मा, गोपाल वर्मा, कन्हैयादास, समारु साहू, सेवक वर्मा, उभेराम साहू, केवलराम साहू, हेमादास साहू, भुनेश्वर वर्मा, तिरिथ राम सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व ग्रामीण मौजूद थे।

## शिविर में 318 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाई भी दी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 23 अक्टूबर।** एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच राजनांदगांव द्वारा संचालित एम एम यू टीम द्वारा डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत मोहनपुर में 21 अक्टूबर को विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर चर्म रोग निवारण एवं जनरल जांच को लेकर शिविर आयोजित किया गया जिसमें आसपास के सात गांव के 318 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं 29 लोगों का पैथोलॉजिकल परीक्षण किया एवं निशुल्क दवाइयां वितरित की गई । एसबीआई संजीवनी के जिला समन्वयक योगेश चौहान ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में त्वचा से संबंधित बीमारियों की रोकथाम और उपचार के प्रति जागरूकता फैलाना एवं गांव के लोगों को उनके गांव में ही स्वास्थ्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में डॉक्टर फिरोज खान राजनांदगांव राजनांदगांव की स्वास्थ टीम से श्री एस के चौहान श्री टी घोष श्री सुरेश मोहनपुर के सरपंच श्रीमती इंदु चंद्रवंशी जनपद सदस्य वीणा चंद्रवंशी मितानिन पंचायत के पदाधिकारी एवं श्री कमलेश चंद्रवंशी एसबीआई संजीवनी टीम से डॉक्टर अनीश डॉक्टर राजेश योगेश चौहान आशीष साहू मनोज कश्यप दीपिका जोशी लिखिल सहारे ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया एवं उनके समर्पण और मेहनत से शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।




## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें



**राजनांदगांव 23 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी शिकायतें एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल को आज जनदर्शन में ग्राम जंगलपुर निवासी श्री योगेश साहू ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित करने के लिए आवेदन किया। ग्राम बडग़ांव चारभांठा निवासी श्री प्रभुदयाल देहारे ने घरेलू विद्युत कनेक्शन के लिए विद्युत पोल लगाने के लिए आवेदन किया। इसी तरह जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, क्षतिपूर्ति की राशि भुगतान, नक्शा बटांकन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए।

### खाद्य प्रतिष्ठानों में उचित रखरखाव नहीं पाए जाने पर 5 खाद्य व्यापारियों को नोटिस जारी

## लोगों को स्वच्छ,सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की जा रही कार्रवाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 23 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के आमजनों के बीच स्वच्छ सुरक्षित खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने खाद्य प्रतिष्ठानों में दबिश दी जा रही है। साथ ही व्यापारियों से नियमों का पालन करते हुए खाद्य व्यापार करने कहा जा रहा है। त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं को मिलावटी एवं गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री से बचाने होटल, रेस्टोरेंट, किराना दुकानों, डेयरी का लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री डोमेन्द्र ध्रुव ने बताया कि विभाग द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के स्वागत होटल से पनीर, माँ बम्लेश्वरी रेस्टोरेंट से दाल, जायसवाल किराना से आटा, सांई ट्रेडर्स से साबूदाना तथा डोंगरगांव विकासखंड के बीकानेर



स्वीट्स से काजू कतली, गौतम होटल से कलाकंद, मानसरोवर से काजू कतली सहित 14 से अधिक खाद्य सामग्री को आशंका के आधार पर नमूने जांच हेतु भेजा गया है। साथ ही 5 खाद्य व्यापारियों को खाद्य प्रतिष्ठानों में उचित रखरखाव नहीं पाये जाने पर नोटिस भी जारी किया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता संबंधी शिकायते राज्य हेल्पलाइन नंबर 9340597097 या 7000885404 में दर्ज करा सकते है।

उपभोक्ता स्वयं घर में खाद्य सामग्री की जांच कर सकते है- दूध में पानी की मिलावट की जांच - दूध की एक बूंद चिकनी तिरछी सतह पर डालें शुद्ध दूध की बूंद चिपकी रहेगी या सफेद पूंछ बनाते हुए बहेगी। पानी की मिलावट होने पर बिना धार के तुरंत बह जायेगा। दूध में डिटर्जेंट की मिलावट की जांच - दूध का 5 से 10 मिली का नमूना लेकर समान मात्रा में पानी मिलाकर अच्छी तरह से हिलाएं, दूध में डिटर्जेंट होगी, तो घने झाग देगी एवं शुद्ध दूध में झाग की बहुत पतली सतह बनेगी। खोया, छेना, पनीर में स्टार्च मिलावट की जांच - 2 से 3 मिली सेंपल को लेकर उसमें 5 मिली पानी मिलाकर सेंपल को ठंडा कर लीजिए फिर इसमें टिंचर आयोडीन की 2 से 3 बूंद मिला लीजिए। सेंपल में नीले रंग की उपस्थिति स्टार्च की मिलावट को दर्शाता है। घी व मक्खन उबले आलू, शक्कर व अन्य प्रकार के स्टार्च की मिलावट - कांच की कटोरी में आधा चम्मच घी या मक्खन ले लीजिए 2-3 बूंद टिंचर आयोडीन डालने पर, सेंपल नीला रंग का हो तो स्टार्च की मिलावट है। तेल एवं वसा में ट्राई ऑर्थो केसाइल फॉस्फेट (टीओसीपी) की मिलावट की जांच - तेल का 2 मिली सेंपल लीजिए, इसमें थोड़ा ठोस मक्खन मिला दीजिए अगर सेंपल में लाल रंग दिखे मतलब टीओसीपी की मिलावट की गई है। लाल मिर्च में सिन्थेटिक रंग की पहचान - एक कांच की ग्लास में पानी लेकर पानी उसकी सतह पर लॉल मिर्च पाउडर छिड़क दें। कृत्रिम रंग मिली लाल मिर्च पानी में नन्ही-नन्ही लाल रंग की धाराओं के रूप में तली में बैठने लगेगी।

संपादकीय

# जिसको मौका मिला हैसियत बता दी

राजनीति में राजनीतिक दलों के लिए अपना हित सर्वोपरि होता है। इसलिए गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर हो तो उसे राज्य स्तर पर ज्यादातर राजनीतिक दल मानते नहीं हैं। राज्य में तो जो दल सत्ता में होता है या दूसरे नंबर पर रहता है, उसकी कोशिश होती है कि वह एक नंबर न बने लेकिन दूसरे नंबर पर तो उसी को रहना चाहिए। इसलिए वह किसी दूसरे दल को अपने राज्य में मजबूत होने नहीं देना चाहता, चुनाव हो तो ज्यादा सीटें नहीं देना चाहता, सत्ता में भागीदार बनाना नहीं चाहता। इन तमाम कारणों से इंडी गठबंधन के दलों के बीच चुनाव के चलते आए दिन मतभेद सामने आते रहते हैं, जिसको जिस राज्य में मौका मिलता है, वही उस राज्य में अपने गठबंधन के दलों को उनकी हैसियत बता देता है। हाल ही में हरियाणा व जम्मू कश्मीर के चुनाव हुए तो उसमें गठबंधन के दलों ने जब मौका मिला दूसरों को उनकी हैसियत बता दी। हरियाणा में कांग्रेस के अलावा आप व सपा भी वहां से चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन वहां के स्थानीय कांग्रेस नेता ने साफ मना कर दिया और राहुल गांधी कुछ नहीं कर सके। कुछ कह नहीं सके परिणाम वहां से कांग्रेस चुनाव जीतते जीतते हार गई और हार की वजह रही बागी प्रत्याशी व आप प्रत्याशियों का कांग्रेस का वोट काटना रहा। इसी तरह जम्मू कश्मीर में नेकां व कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा और नेकां ने ज्यादा सीटें और कांग्रेस मुश्किल से 6 सीट ही जीत सकीं, वह भी नेकां की बदौलत। इससे नेकां ने बयानों के जरिए तो बताया ही कि कांग्रेस को तो जम्मू कश्मीर से सीटें जीतने की जिम्मेदारी थी लेकिन वह वहां से एक सीट ही जीत सकी, यही वजह है गठबंधन और ज्यादा सीटें नहीं जीत सका। यही नहीं नेकां ने कांग्रेस के उतने मंत्री भी बनाने से मना कर दिया जितने वह मांग कर रही थी। परिणाम यह हुआ कि नेकां ने कांग्रेस के बिना सरकार बनाकर कांग्रेस को उसकी हैसियत बता दी है कि यहां नेकां ही सबकुछ है। यहां कांग्रेस का अस्तित्व है तो नेकां के कारण है। हरियाणा में कांग्रेस ने आप को कुछ सीटें नहीं दी तो आप ने यह घोषणा करने में देर नहीं कि वह भी दिल्ली में अकेले चुनाव लड़ेगी और कांग्रेस के साथ कोई समझौता नहीं होगा। इधर हरियाणा विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आया और दूसरी और यूपी में अखिलेश यादव ने कांग्रेस से कोई बात किए बिना है कि यूपी में होने वाले दस उपचुनावों में से छह सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी। एक तरह से कांग्रेस को बता दिया कि हरियाणा में कांग्रेस अपर हैंड है तो यूपी में सपा अपरहैंड है। हरियाणा में आप जो चाहे कर सकते हो तो यूपी में सपा भी जो चाहे वही कर सकती है। अखिलेश यादव यहीं नहीं रुके उन्होंने बाद में और दो सीटों पर भी प्रत्याशी घोषित कर दिए और कांग्रेस से कह दिया कि वह चाहे तो इन दोनों सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। यह दोनों सीटें ऐसी हैं जिन पर भाजपा जीतती आ रही है यानी यहां से कांग्रेस का जीतना मुश्किल है। अखिलेश यादव ने कांग्रेस को हारने वाली सीटें देकर चुनौती दी है कि वह यूपी में जनाधार वाली पार्टी है तो यह दो सीटें जीतकर दिखाए. अखिलेश यादव का तो मानना है कि पिछले लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने कुछ सीटें जीती हैं तो वह सपा के कारण।कई मौकों पर अखिलेश यादव ने ऐसा कहा भी है । कांग्रेस की तरफ से सीधे तो कुछ कहा नहीं गया है, माना जा रहा है कि वह दो सीटों पर चुनाव लड़ने से इंकार कर सकती है और सपा से कह सकती है कि वह इन दोनों सीटों पर चुनाव लड़ ले।ताकि भाजपा के ज्यादा सीटें जीतने पर वह कह सके कि कांग्रेस मैदान में नहीं थी इसलिए भाजपा से सपा हार गई। यूपी के दो लड़कों के बीच राज्य के हितों को लेकर तो मतभेद सामने आ रहे हैं, यही हाल झारखंड का है,बताया जाता है कि कांग्रेस ने जेएमएम के साथ सेंटिंग कर 70 सीटें तेजस्वी यादव से बिना बात किए ही आपस में बांट ली हैं और तेजस्वी यादव व गठबधन के अन्य दलों के लिए मात्र 12 सीटें ही छोड़ी हैं। इससे तेजस्वी यादव सहित राजद के नेता कांग्रेस से नाराज बताए जा रहे है तथा झारखंड में अकेले चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। महाराष्ट्र में भी सीटों के बंटवारे को लेकर गठबंधन के दलों के बीच पेंच फंसा हुआ है। उध्दव ठाकरे चाहते हैं कि उनको सीएम का चेहरा बनाकर चुनाव लड़ा जाए, इसके लिए कांग्रेस व राकांपा पवार तैयार नहीं है। कांग्रेस चाहती है कि सीएम का फैसला चुनाव के बाद कर लिया जाएगा पहले चुनाव जीतने की अच्छी तैयारी की जाए। ठीक से सीटों का बंटवारा कर लिया जाए। कांग्रेस चाहती है कि लोकसभा चुनाव में उसका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है इसलिए उसे चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें दी जानी चाहिए। उध्दव ठाकरे भी जानते हैं यदि बाद में सीएम का फैसला होगा तो जो ज्यादा सीटें जीतेगा उसी का सीएम बनेगा। इसलिए वह भी सबसे ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। यही वजह है कि कांग्रेस व उध्दव की शिवसेना के बीच सीटों को लेकर कई दिनों से खींचतान मची हुई है। सीटों का कोई फैसला नहीं हो पा रहा है। सब एक दूसरे को हैसियत बताने का प्रयास कर रहे हैं। आने वाले कुछ दिनों में साफ होगा कि महाराष्ट्र में कौन सबसे ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ेगा और कौन कम सीटों पर चुनाव लड़ेगा।

राजनीति

निर्मल रानी

# झूठ की बुनियाद पर टिका भाजपा का सदस्यता अभियान



भारतीय जनता पार्टी द्वारा आजकल राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ साहित भाजपा के अनेक बड़े नेता पार्टी के सदस्य अथवा सक्रिय सदस्य बन चुके हैं। परन्तु एक बार फिर भाजपा का यह सदस्यता अभियान विवादों में पड़ गया है। भाजपा इस सदस्यता अभियान के माध्यम से यह साबित करना चाहती है कि भारतीय जनता पार्टी ही विश्व का सबसे बड़ा व सबसे अधिक सदस्यों वाला राजनैतिक दल है। और इस लक्ष्य तक पहुँचने के लिये पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं द्वारा झूठ व अनैतिकता की सभी हदों को पार किया जा रहा है। आश्चर्य है कि हाल में हुये लोकसभा चुनावों में 63 लोकसभा सीटें गंवाने के बावजूद अभी भी भाजपा न जाने किस आधार पर अपने सदस्यों की संख्या में इजाफा करना चाह रही है ?

दरअसल कई राज्यों में भाजपा, सदस्यता अभियान में निर्धारित अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर पा रही है। इसके लिये उसके नेता व कार्यकर्त्ता साम दाम दंड भेद सभी हथकंडे अपनाकर किसी भी तरह से सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी करना चाह रहे हैं। मिसाल के तौर पर गुजरात में 2 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी द्वारा निर्धारित किया गया था। गुजरात भाजपा ने सदस्यता अभियान के तहत पिछली बार से ज्यादा सदस्य बनाने के लिए खास योजना बनाई है। सरपंच से लेकर सांसद तक सभी 100-100 प्राथमिक सदस्य बनाएंगे। परन्तु इस लक्ष्य तक पहुंचना संभव नहीं था। एक रिपोर्ट के अनुसार भावनगर में स्थानीय नेता 100 सदस्य जोड़ने के लिए 500 रुपये भी ऑफर कर रहे हैं क्योंकि निर्धारित तिथि 15 अक्टूबर तक 2 करोड़ का लक्ष्य पूरा करने के लिये प्रतिदिन 8 लाख से अधिक सदस्य बनने जरूरी थे। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपाई जिस स्तर तक गये हैं उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। गुजरात में कई शहरों में स्कूली बच्चों तक को सदस्यता दिला दी गई। अनेक लोगों को तो उनका केवल फोन नंबर लेकर ही बिना बताए उन्हें भाजपा का सदस्य बना दिया गया। यह रहस्य तब उजागर हुये जब अपनी सदस्यता से अनजान कई छात्रों व आम लोगों के मोबाइल पर भाजपा का सदस्य बनने से सम्बंधित 'बधाई संदेश' आने लगे। गुजरात में न केवल स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों तक को सदस्य बनाया गया बल्कि अस्पताल के मरीजों , नर्मदा में ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यकर्ता और भावनगर में 100 नए सदस्यों को नामांकित करने के लिए स्थानीय पार्टी नेताओं द्वारा 500 रुपये देने की योजना तक शामिल थी। खबरों के अनुसार जब एक महिला अपने पति के साथ रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए विसनगर के एक जन स्वास्थ्य केंद्र गयी तभी एक कर्मचारी ने उनका मोबाइल नंबर पूछा और फिर मोबाइल पर आया ओटीपी माँगा। और जैसे ही उन्होंने ओटीपी शेयर किया उसी समय मरीज को भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनने के लिए बधाई संदेश मिला। हालांकि मरीज महिला के पति ने सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों द्वारा उन्हें चुपके से भाजपा सदस्य बनाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र



के कर्मचारियों और रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर ( आरएमओ ) से बात करते हुए अपने फोन पर एक वीडियो रिकॉर्ड किया कि उन्हें बिना बताए या उनकी सहमति के बिना उन्हें भाजपा सदस्य के रूप में क्यों नामांकित किया गया। रोगी के पति विकुंभ दरबार ने घटना के बाद स्थानीय मीडिया को बताया कि ह्लआज सुबह, मैं और मेरी पत्नी एंटी रेबीज इंजेक्शन के लिए विसनगर सिविल अस्पताल गए क्योंकि उन्हें कुत्ते ने काट लिया था। पहली बार, हमें इंजेक्शन पाने के लिए एक ओटीपी साझा करने के लिए कहा गया था। शुरू में, हमें रजिस्टर में चेक इन करने के लिए कहा गया था, और जब हम इंजेक्शन के लिए आगे बढ़े, तो अस्पताल के कर्मचारी ने एक ओटीपी मांगा। मैंने पूछा कि इसकी आवश्यकता क्यों है, इसपर उस ने जवाब दिया कि - 'यदि आप इंजेक्शन चाहते हैं, तो आपको ओटीपी प्रदान करना होगा।' जब मैंने इस नियम पर सवाल उठाया, तो उन्होंने दावा किया कि यह एक नया सिविल अस्पताल विनियमन है। इसी तरह गुजरात में ही राजकोट के जूनागढ़ के रणछोड़ दास ट्रस्ट अस्पताल का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि राजकोट के इस अस्पताल में आंख के मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने गए 250 मरीजों को रात में नींद से उठाकर बीजेपी का सदस्य बना दिया गया। इसका खुलासा उस समय हुआ जबकि एक मरीज ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। कमलेश भाई ठुम्मर अपनी आंखों का ऑपरेशन कराने इसी अस्पताल में गए थे। जहां उनके साथ 250 से ज्यादा और भी मरीज भर्ती थे। कमलेश के मुताबिक आधी रात को एक व्यक्ति आया और अचानक सभी मरीजों को नींद से उठाकर उनसे ओटीपी मांगने लगा। मुझसे ( कमलेश भाई ) भी ओटीपी पूछा। जब मैंने ओटीपी भेज दिया तो फोन में मैसेज आया कि 'बधाई हो,आप बीजेपी के सदस्य बन गए हैं'। जब कमलेश ठुम्मर ने मैसेज देखकर उस व्यक्ति से पूछा कि क्या आप बीजेपी का सदस्य बना रहे हो? तब उसने जवाब दिया कि -'इसके बिना उद्धार नहीं'। यदि किसी मरीज को डळढ नहीं पता चलता था, तो वह कर्मचारी स्वयं मरीज का फोन अपने हाथ में ले लेता और उसे भाजपा का सदस्य बना देता। इस कर्मचारी ने वार्ड के 200 से 250 मरीजों को बीजेपी का सदस्य बना दिया। कहना गलत नहीं होगा कि इस जबरन भाजपा सदस्य बनाने के इस अभियान में अस्पताल की भी मिली भगत जरूर रही होगी।

इसी तरह मध्य प्रदेश में भी जोर जबरदस्ती से सदस्यता अभियान चलाये जाने की खबर है। यहाँ भी युवाओं को सदस्यता अभियान से जुड़ने और नये सदस्य बनाने के लिये 3000 से लेकर 5000 रुपए तक के ऑफर दिये जाने की खबर है। भारतीय जनता पार्टी सरकरी कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, हितग्राही लाड़ली बहनें,मुफ़्त राशन प्राप्त करने वालों,सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने वालों आदि सभी को जबरन या धोखे से पार्टी सदस्य बनाने पर तुली हुई है। हद तो यही है कि भाजपा अब आधी रात में सोते हुये मरीजों को भी चैन की नींद नहीं सोने दे रही है। यानी इलाज और ऑपरेशन बाद में भी होता रहेगा, आराम भी बाद में कर लेना, पहले अपने मोबाइल पर आया ओटीपी दे दीजिए। देश भर से मिलने वाली इस तरह की और भी खबरें इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफी हैं कि भाजपा का सदस्यता अभियान दरअसल झूठ की बुनियाद पर टिका हुआ है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए आय में वृद्धि वाला रहेगा। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। यदि आपको कोई टेंशन चल रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर हो सकती है, लेकिन आपको किसी काम को लेकर सोच-विचार करना होगा। शेयर मार्केट से जुड़े लोग अच्छा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं, लेकिन उसका लाभ उन्हे बाद में ही मिलेगा। आपकी परिवार के सदस्य से खटपट होने की संभावना है, इसलिए आप अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखें।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए लाभ भी योजनाओं पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपकी आय के स्रोत बढ़ेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आपको किसी के साथ मेलजोल बहुत ही सोच समझकर बढ़ाना होगा। अविवाहित जातकों के लिए उत्तम विवाह के प्रस्ताव सकते हैं। यदि आप नौकरी को लेकर संतुष्ट नहीं है, तो आप कहीं दूसरी जगह ट्राई कर सकते हैं। आपके घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन होने से परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने संतान के करियर को लेकर कोई निर्णय ले सकते हैं, जिसमें आपको समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। जो विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा कमजोर है, उन्हें अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस करना होगा, तभी वह परीक्षा में अच्छी सफलता हासिल कर सकेंगे। आपका किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है, लेकिन आपके पिताजी उसे करने के लिए आपसे मना कर सकते हैं। आपको बड़ों की बात मानना बेहतर रहेगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए साहस और पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको कानूनी मामले में जीत मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपको किसी से धन उधार सोच समझकर लेने की आवश्यकता है, क्योंकि आपको उसे उतारने में समस्या आएगी। आप अपनी माताजी से कुछ जरूरी कामों को लेकर बातचीत कर सकती हैं। आपको कोई नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है, लेकिन आप अपने कामों में ढील बिल्कुल ना दें।

सिंह- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। व्यापार में आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आपकी कोई डील फाइनल होते-होते अटक सकती है, लेकिन फिर भी उससे आपकी इनकम पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। आप किसी नए मकान और दुकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं। आपको अपने भाई-बहनों के कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रेम-सहयोग का भाव आपके मन में बना रहेगा।

कन्या- आज का दिन प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप धर्म-कर्म के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है, उसमें आपसे गड़बड़ी होने की संभावना है। आप अपने पारिवारिक समस्याओं को लेकर अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। आपका कोई धन संबंधित काम यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है। राजनीति में कार्यरत लोग अपने कामों से लोगों को हैरान करेंगे और उनके कामों की सराहना होगी।

तुला- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने रुके हुए कामों को प्राथमिकता देनी होगी, तभी वह पूरे हो सकेंगे। आप कार्यक्षेत्र में किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। आपके कुछ शत्रु आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलता दिख रहा है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप किसी वाद-विवाद से दूर रहें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। जीवनसाथी की सलाह आपके काम आएगी। आपको अपने परिवार के सदस्यों की जरूरतों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। संतान के विवाह से संबंधित कोई फैसला आप जल्दबाजी में ना लें। आपको किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। आप किसी से धन का लेन-देन सोच समझकर करें, क्योंकि इससे आपका रिश्ता खराब हो सकते है।

धनु- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। जो आपके लिए लाभदायक रहेगी। आपको यदि कोई धन संबंधित समस्या परेशान कर रहे थी, तो वह दूर होगी। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे आपकी छवि और निखरेगी। आपको किसी काम के समय से पूरा न होने का कारण मन में निराशा बनी रहेगी। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो वह भी आपको प्राप्त हो सकती है।

मकर- आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। दांपत्य जीवन में खुशियां रहेंगी। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। भाई बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा, लेकिन आप किसी से कोई वादा करेंगे, तो उसे पूरा अवश्य करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको कोई पुरस्कार मिल सकता है। आपकी खुशी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। आपको अपने संतान से कोई मन की बात कहने का मौका मिलेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामलों में अच्छा रहने वाला है। आपको किसी सरकारी योजना का पता चल सकता है, जिसमें आप अच्छा निवेश कर सकते हैं। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए भी दिन अच्छा रहेगा। आपके जीवनसाथी को नौकरी में प्रमोशन मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा और पारिवारिक कलह भी काफी हद तक दूर होगी और सभी सदस्य एकजुट नजर आएंगे। आपकी संतान को यदि आप कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरी उतरेगी। किसी कानूनी मामले में आपको थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है।


मीन- आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों को थोड़ा ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको सावधानी से चलने की आवश्यकता है। आपकी कुछ समस्याएं उभर सकती हैं और आपको किसी जोखिम को उठाने से कोई बड़ा नुकसान होने हो सकता है। आप यदि किसी प्रॉपर्टी को खरीदने के लिए सोच विचार कर रहे थे, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। आपके परिवार में किसी पार्टी का आयोजन हो सकता है। आपको अपने किसी मित्र की कोई बात बुरी लग सकती है।

# पीएचडी छात्रों के लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के मायने

**नेट पर बढ़ती निर्भरता अनजाने में भारत में शोध के दायरे को सीमित कर सकती है। अनुसंधान विचार, कार्यप्रणाली और परिप्रेक्ष्य की विविधता पर पनपता है। नेट जैसे मानकीकृत परीक्षण, जो आलोचनात्मक सोच पर याद रखने को प्राथमिकता देते हैं, ऐसे विद्वान पैदा कर सकते हैं जो परीक्षा उत्तीर्ण करने में माहिर हैं लेकिन ज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने की क्षमता का अभाव है, पूछताछ की यह संकीर्णता नवाचार और मूल विचारों के विकास, दोनों को सीमित कर सकती है शैक्षणिक क्षेत्रों में प्रगति के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। पीएचडी प्रवेश के लिए प्राथमिक मानदंड के रूप में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) का उपयोग अकादमिक जांच और आलोचनात्मक सोच के दायरे को सीमित कर रहा है।**

प्रियंका सौरभ

नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट जिसे यूजीसी नेट या एनटीए-यूजीसी-नेट के रूप में भी जाना जाता है, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर के लेक्चररशिप के लिए योग्यता और भारतीय नागरिकों के लिए जूनियर रिसर्च फेलोशिप के पुरस्कार के लिए निर्धारित करने के लिए एक परीक्षा है। इसका उद्देश्य शिक्षण व्यवसायों और अनुसंधान में प्रवेशकों के लिए न्यूनतम मानक सुनिश्चित करना है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) सहायक प्रोफेसर के लिए पात्रता या केवल जूनियर रिसर्च फेलोशिप और सहायक प्रोफेसर की योग्यता के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों दोनों में भारतीय नागरिकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए परीक्षण आयोजित करती है। पारंपरिक रूप से जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) और सहायक प्रोफेसरशिप पात्रता के लिए उपयोग की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) अब भारत में पीएचडी प्रवेश के लिए एक प्रमुख मानदंड बन गई है। इस बदलाव ने अकादमिक समुदाय के भीतर इस चिंता के कारण काफी बहस छेड़ दी है कि क्या परीक्षण वास्तविक शोध क्षमता की पहचान करने के लिए उपयुक्त है। नेट एक बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) आधारित परीक्षा है जो मुख्य रूप से स्मृति और याददाश्त जैसी निचले क्रम की संज्ञानात्मक क्षमताओं का आकलन करती है। ये क्षमताएँ कुछ संदर्भों में उपयोगी हैं लेकिन डॉक्टरेट स्तर के अनुसंधान के लिए आवश्यक महत्त्वपूर्ण सोच, रचनात्मकता और विश्लेषणात्मक कौशल का मूल्यांकन करने में कम पड़ जाती हैं। पीएचडी अनुसंधान जटिल विचारों, मौजूदा ज्ञान के महत्त्वपूर्ण विश्लेषण और मूल अंतर्दृष्टि में योगदान करने के लिए रचनात्मकता की मांग करता है, विशेष रूप से साहित्य, सामाजिक विज्ञान और मानविकी जैसे विषयों में तथ्यात्मक स्मरण और तुच्छ प्रश्नों पर नेट का ध्यान उम्मीदवारों की प्रदर्शन करने की क्षमता को कमजोर करता है। सूक्ष्म तर्क विकसित करने और व्यापक सैद्धांतिक अवधारणाओं के साथ जुड़ने की उनकी क्षमता। नेट स्कोर पर निर्भरता से हाशिए पर रहने वाले समुदाय असमान रूप से प्रभावित होते हैं। इन छात्रों को अक्सर प्रणालीगत बाधाओं का सामना करना पड़ता है, जैसे संसाधनों तक सीमित पहुँच और उच्च लागत वाली कोचिंग, जो नेट पास करने के लिए तेजी से आवश्यक होती जा रही हैं। परिणामस्वरूप, इन पृष्ठभूमियों के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को उनकी बौद्धिक क्षमता के बावजूद पीएचडी कार्यक्रमों से बाहर रखा जा सकता है। नेट के माध्यम से



पीएचडी प्रवेश के केंद्रीकरण से उच्च शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता को खतरा है। परंपरागत रूप से, विश्वविद्यालयों को अपने शोध प्रस्तावों, साक्षात्कार और अनुशासन-विशिष्ट परीक्षणों के आधार पर उम्मीदवारों का चयन करने की स्वतंत्रता है। यह स्वायत्तता संस्थानों को उन उम्मीदवारों को भर्ती करने की अनुमति देती है जो उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप होते हैं। एक आकार-सभी के लिए उपयुक्त दृष्टिकोण के माध्यम से प्रवेश को केंद्रीकृत करने से उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षणिक अनुसंधान के लिए महत्त्वपूर्ण विविधता और नवाचार के क्षीण होने का जोखिम होता है, जैसे कि सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) ने पहले ही भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली में संस्थागत स्वायत्तता के क्षरण के बारे में चिंता जताई है।

नेट प्रणाली छात्रों को डॉक्टरेट अनुसंधान की कठोरता के लिए तैयार नहीं करती है। पीएचडी उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि वे मूल अंतर्दृष्टि प्रदान करें, सहकर्मी-समीक्षित पत्रिकाओं में प्रकाशित करें और विद्वानों के प्रवचन में संलग्न हों-प्रतिभाशाली छात्रों का विदेश में पलायन पीएचडी कार्यक्रमों के लिए संस्थानों को घरेलू प्रणाली की सीमाओं के लिए ज़िम्मेदार ठहराया जा सकता है, जहाँ मानकीकृत परीक्षण पर जोर को रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को दबाने के रूप में देखा जाता है। नेट पर बढ़ती निर्भरता अनजाने में भारत में शोध के दायरे को सीमित कर सकती है। अनुसंधान विचार, कार्यप्रणाली और परिप्रेक्ष्य की विविधता पर पनपता है। नेट जैसे मानकीकृत परीक्षण, जो आलोचनात्मक सोच पर याद रखने को प्राथमिकता देते हैं, ऐसे विद्वान पैदा कर सकते हैं जो परीक्षा उत्तीर्ण करने में माहिर हैं लेकिन ज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने की क्षमता का अभाव है, पूछताछ की यह संकीर्णता नवाचार और मूल विचारों के विकास, दोनों को सीमित कर सकती है शैक्षणिक क्षेत्रों में प्रगति के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।

संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के कई शीर्ष विश्वविद्यालय पीएचडी प्रवेश के लिए समग्र दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं। इसमें उम्मीदवार के शोध प्रस्ताव, व्यक्तिगत बयान, अनुशंसा पत्र और अकादमिक इतिहास की विस्तृत समीक्षा शामिल है, जर्मनी में छात्र स्नातक अध्ययन से सीधे पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश कर सकते हैं, बशर्ते वे असाधारण शोध क्षमता और अकादमिक प्रदर्शन प्रदर्शित करें ) ) विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को पीएचडी कार्यक्रमों के लिए आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करना। आवेदकों का मूल्यांकन अनुसंधान में विभिन्न दृष्टिकोण लाने की उनकी क्षमता के आधार पर किया जाता है, जिसे अंतःविषय अध्ययन के लिए मूल्यवान माना जाता है। स्वीडन, फिनलैंड और डेनमार्क जैसे देशों में, विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करने के लिए उद्योग भागीदारों के साथ सहयोग करते हैं कि पीएचडी उम्मीदवार वास्तविक दुनिया के साथ अनुसंधान परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। एप्लिकेशन। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) उन छात्रों को प्रदर्शन-आधारित फेलोशिप प्रदान करता है जो अपने अकादमिक रिकॉर्ड, साक्षात्कार और प्रकाशनों के माध्यम से मजबूत शोध का वादा दिखाते हैं।

शिक्षा और अनुसंधान में भारत की वैश्विक आकांक्षाओं के लिए पीएचडी प्रवेश के लिए अधिक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है-जो रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और अकादमिक अनुसंधान में योगदान करने की क्षमता को महत्त्व देता है। व्यापक प्रवेश प्रक्रिया को अपनाकर, भारत अपने प्रतिभाशाली दिमागों को बरकरार रख सकता है, उच्च शिक्षा तक समावेशी पहुँच सुनिश्चित कर सकता है और अकादमिक अनुसंधान में विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना रह सकता है। वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए, भारत को एक समग्र प्रवेश प्रक्रिया अपनानी होगी जो अनुसंधान में नवाचार, रचनात्मकता और विविध दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करती है।

व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

# चिल्लाने का चक्कर



क्या तुमने कभी सोचा है, ज़िंदगी में चिल्लाने का क्या मतलब होता है? राजू ने चश्मा ठीक करते हुए पूछा।क्यों भाई, क्या हम किसी चिड़ियाघर में हैं जो चिल्लाने की बात कर रहे हो? भोलू ने चुटकी लेते हुए कहा।नहीं यार, यह तो एक गंभीर सवाल है। कभी-कभी मुझे लगता है कि लोग चिल्लाते ही रहते हैं, जैसे कोई बेजुबान जानवर! राजू ने गंभीरता से कहा।अरे, चिल्लाना तो जैसे आजकल की ज़िंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। अब तो हर कोई अपने गले की ताकत दिखाना चाहता है। जैसे कोई ऑडिशन देने आया हो! भोलू ने हंसते हुए कहा।पर भाई, चिल्लाने का क्या फायदा है? आखिर क्यों लोग अपनी आवाज को इतना ऊंचा करते हैं? राजू ने सवाल उठाया।देखो, चिल्लाने का मतलब सिर्फ शोर मचाना नहीं है। ये तो एक कला है। जैसे लोग गाड़ी चलाते समय चिल्लाते हैं झ ह्यसावधान! आगे देखो!भोलू ने एक गंभीर चेहरे से समझाने की कोशिश की।बिल्कुल सही कहा, लेकिन उस चिल्लाने का क्या मतलब होता है जब लोग खुद ही गलत कर रहे होते हैं? राजू ने तंज किया।यही तो है! जैसे चुनाव के समय नेता चिल्लाते हैं, ह्यहम आपके लिए काम करेंगे!और फिर वही वादे करते हैं जो वो पिछले चुनाव में कर चुके थे। बस चिल्लाने में माहिर हैं! भोलू ने चुटकी ली।राजू ने फिर कहा, चलो, मान लेते हैं कि चिल्लाना जरूरी है। लेकिन ज़िंदगी में क्या हमें चिल्लाने के लिए कोई खास मौका चाहिए?अरे, मौका तो हर जगह है! जैसे कोई फिल्म देखते समय, जब हीरो हारता है, तो सब चिल्लाते हैं झ ह्यनहीं! ऐसा नहीं हो सकता!भोलू ने मजाक करते हुए कहा।लेकिन वो चिल्लाना तो उस समय की भावना है, राजू। असली सवाल यह है कि क्या हम अपनी ज़िंदगी में चिल्लाने का कोई सही कारण ढूंढ पा रहे हैं? राजू ने फिर से गहराई में जाकर सोचते हुए कहा।यही तो है! कभी-कभी लगता है कि हमें कुछ कहना है, लेकिन वो शब्द गले तक आकर रुक जाते हैं। और फिर हम चिल्लाने लगते हैं, जैसे बस यही एक तरीका है अपनी बात कहने का! भोलू ने गंभीरता से कहा।सच में! कभी-कभी लगता है कि चिल्लाना हमारी कमजोरी है। हम अपनी बातों को सही तरीके से कहने में असमर्थ होते हैं और फिर गला फाड़कर चिल्लाते हैं। जैसे, ह्यतुम मेरी बात क्यों नहीं सुनते?राजू ने एक ठहाका लगाया।और सुनो, चिल्लाने का एक और तरीका है झ सोशल मीडिया! वहां तो हर कोई अपने विचारों को इस तरह से डालता है, जैसे कोई चिल्ला रहा हो। सबकी आवाज सुनाई दे रही हो! भोलू ने चुटकी लेते हुए कहा।ह्लबिल्कुल! आजकल लोग पोस्ट डालते हैं झ ह्यमैंने कहा था!और फिर कमेंट में सब चिल्लाते हैं, ह्यहां, तुमने तो कहा था!लेकिन असलियत में कोई सुनता नहीं है!ह्व राजू ने तंज किया।तभी, भोलू ने एक योजना बनाई। ह्लचलो, हम सबको मिलकर एक चिल्लाने की प्रतियोगिता आयोजित करें। सबसे ऊंचा कौन चिल्ला सकता है, उसका चुनाव करें!ह्लह्लये तो मजेदार होगा! लेकिन सोचो, जो सबसे ऊंचा चिल्लाएगा, वो तो सबसे ज्यादा थकेगा!ह्व राजू ने हंसते हुए कहा।ह्ललेकिन यार, जो सबसे ऊंचा चिल्लाएगा, वो सबसे ज्यादा ध्यान भी खींचेगा। जैसे कोई फिल्म का हीरो!ह्व भोलू ने जोश में कहा।ह्लसही कहा! तो क्या हमें अब चिल्लाने का कोई तरीका ढूंढना चाहिए, जिससे हम अपनी बात सही से रख सकें?ह्व राजू ने गहरी सोच में डूबते हुए कहा।ह्लहां, सही कहा! हमें ये सीखना होगा कि चिल्लाने का सही समय और तरीका क्या है। कभी-कभी चिल्लाने से बेहतर है शांत रहकर अपनी बात को समझाना!ह्व भोलू ने गंभीरता से कहा।राजू ने एक गहरी सांस लेते हुए कहा, ह्लतो फिर क्या हम चिल्लाने का मतलब समझ पाए हैं? या फिर हम चिल्लाने में ही अपनी आवाज ढूंढते रहेंगे?ह्वह्लअरे भाई, ये तो वही बात हुई झ चिल्लाने का फायदा या नुकसान किसे समझ में आया? शायद यही चिल्लाने की असली कला है!ह्व भोलू ने हंसते हुए कहा।ह्लतो क्या चिल्लाने का मतलब केवल शोर करना है या फिर हम अपनी बात को सही से कहने का एक बहाना ढूंढते रहेंगे?ह्व राजू ने सवाल किया। या फिर क्या चिल्लाना ही एकमात्र उपाय है, जब बात करने का साहस नहीं होता? यही तो है हमारे समाज की विडंबना!ह्व भोलू ने मुस्कुराते हुए कहा। आखिरकार, क्या हम चिल्लाने के पीछे की असली वजह जान पाए हैं या सिर्फ शोर मचाते रहेंगे?ह्व राजू ने एक अंतिम सवाल के साथ अपनी बात खत्म की।अब सवाल यही है, क्या चिल्लाने का असली कारण समझ में आया या फिर हम बस यूं ही आवाज उठाते रहेंगे?



# बैलाडीला में बाहर से कार्य करने सैकड़ों मजदूर आने के बाद से बढ़ गए हैं अपराध

- 1- दंतेवाड़ा जिले मे बच्चा चोरी नगरवासियों के घरों से चोरी नगरवासियों से मारपीट ठेकेदारों के साईड से सैंट्रिंग प्लेट जैक पाईप एंगल लगातार हो रही चोरी

2 - बैलाडीला में सैकड़ो की संख्या में बिहार बंगाल और अन्य प्रान्त से पलायन कर मजदूरो को एनएमडीसी परियोजना में कार्य करने के लिए कुछ बड़ी प्राइवेट कंपनियों द्वारा लाया जा रहा है इन कम्पनियों में कल्पतरु प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का भी नाम है जो की एन एम डी सी बचेली किरंदुल दोनों प्रोजेक्ट में कार्य कर रही हैं।

3- स्थानिय लोगो का कहना हैं की मजदूरों का ना तो पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र है ना ही पुलिस वेरिफिकेशन कराया जा रहा है बाहर राज्यों से आए हुए मजदूरो की सम्पूर्ण जानकारी स्थानीय पुलिस थानो में होनी चाहिए। कल्पतरु कम्पनी के एडमिन पद पर कार्यरत बलराम राय से जब स्थानीय पत्रकारों ने जानकारी ली तो उन्होंने लिखित जानकारी देने से साफ इनकार कर दिया एवं मौखिक रूप से बताया 250 से 300 मजदूर किरंदुल कल्पतरु कम्पनी में कार्य कर रहें हैं परन्तु थाने मे सिर्फ 44 मजदूरो का पुलिस वेरिफिकेशन में नाम दर्ज हैं

बाकी मजदूरों का संपूर्ण जानकारी थानों में ना होना किसी बड़ी अनहोनी को नेवता देती नजर आ रहीं हैं।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बचेली, 23 अक्टूबर।** जिले मे आये दिन बच्चा चोरी का मामला सामने आने लगा है ताजा मामला भाँसी थाना क्षेत्र के धुरली माता रुक्मणि बालक आश्रम का हैं जहां रविवार शाम को आश्रम के बाहर बच्चा दुलेश मंडावी पिता लक्ष्मण मंडावी सुरनार गायतापारा निवासी उम्र 7 वर्ष आश्रम के बाहर शाम 5 बजे के आस पास खेल कर पानी पीने जा रहा था तभी बाइक सवार 2 लोगो ने बच्चे को जबरन उठा कर ले गए हॉस्टल अधीक्षक प्रदीप सोनी का कहना है की शाम की गड़ना के समय बच्चा आश्रम में नहीं पाया गया जिसके पश्चात आश्रम अधिक्षक प्रदीप कुमार सोनी ने तत्काल हॉस्टल के कमरों की छानबीन कराई परन्तु बच्चा नहीं मिला कुछ देर के बाद धुरली से लगभग 25 किलोमीटर दूर कुंवाकोंडा थाने से आश्रम अधिक्षक को फोन के द्वारा जानकारी मिली की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बच्चे को कुआकोंडा थाना में छोड़ा गया हैं उसके बाद आश्रम अधीक्षक कुंवाकोंडा थाना पहोंच कर बच्चे को आश्रम वापस ले आये इस मामले मे आश्रम अधीक्षक की भी बड़ी लापरवाही नजर आ रहा है

वही इस पूरे मामले मे पुलिस छानबीन कर रहा है दूसरी तरफ देखे तो किरंदुल में सैकड़ो की संख्या में बिहार बंगाल और अन्य प्रान्त के मजदूर किरंदुल के एनएमडीसी परियोजना में कार्य करने के लिए कुछ बड़ी प्राइवेट कंपनियों द्वारा लाया जा रहा है।इन कम्पनियों में कल्पतरु प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का भी नाम है जिसमें मे कार्य करने आये अन्य राज्यों के लगभग 250 से लेकर 300 मजदूर किरंदुल परियोजना में आये हुए हैं। नियमता जब कोई कम्पनी बाहर से मजदूरों को बुलवाती है तब नियम पूर्वक उनका पुलिस वेरिफिकेशन करवाया जाता है परन्तु कल्पतरु कम्पनी के अधिकारियों द्वारा सभी मजदूरों का ना तो पुलिस वेरिफिकेशन कराया जा रहा है ना ही बाहर राज्यों से आए हुए मजदूरों की सम्पूर्ण जानकारी किरंदुल थाने को नहीं दी जा रही है। जब कुछ स्थानीय पत्रकारों ने इसकी जानकारी किरंदुल थाना प्रभारी पी.के. साहू से ली तो उन्होंने बताया कल्पतरु कम्पनी के अधिकारियों द्वारा सिर्फ 44 मजदूरों का ही पुलिस वेरिफिकेशन कराया गया है।जो वास्तविक नहीं है। आंकड़े कुछ और ही है। कल्पतरु कम्पनी में एडमिन पद पर कार्यरत बलराम राय से जब कुछ स्थानीय पत्रकारों ने जानकारी ली तो उन्होंने 100 से लेकर 300 मजदूर किरंदुल कल्पतरु कम्पनी में कार्य करने की जानकारी दी परन्तु थाने मे सिर्फ 44 मजदूरों का पुलिस वेरिफिकेशन में नाम दर्ज होना किसी बड़ी अनहोनी को दावत देने के बराबर है। बाकी मजदूर कहा से है कौन है क्या उनका कोई अपराधिक रिकॉर्ड तो नहीं है। इसकी कोई जानकारी ना तो किरंदुल थाने को है ना ही जिला प्रशासन को जबकि इन दिनों जिले मे लोहा चोरी, घरों मे चोरी ,बच्चा चोरी मारपीट की घटनाओं मे वृद्धि होती जा रही है।

## एक नजर



### हजरत बाबा कमलीशाह का 45 वां उर्स मुबारक 25 को

**सुकमा, 23 अक्टूबर।** हजरत बाबा कमलीशाह (र.अ.) का 45 वां उर्स पांक बड़े ही शान शौकत के साथ दिनांक 25/10/2024 को मनाया जा रहा है। जिसमें सरकार के चाहने वाले दिवाने अपने म'जूबे कामिल की बारगाह में खेराजे अकीदत पेश करने वाले हैं। उर्स कमेटी की ओर से गुजारिश है कि सरकार की बारगाह में तशरीफ लाकर नजरानाए अकीदत पेश कर दीनी व दुनयावी दौलत से मालामाल हों, बारगाह में अपने दामन को फैलाकर अपनी मुरादों को पेश कर सरकार के फैजान से अपने घरों को मुनव्वर व मुजल्ला करें। अपनी तमाम दुःख एवं परेशानी आफत बलाईयात बारगाह में अर्ज कर फैजयाब हों ।दिनांक 25/10/2024 दिन शुक्रवार (जुमा) को चादर संदल शहर का गश्त करते हुए दरगाह पहुंचेगी। शाम 6¬×0 बजे संदल गुशल चादरपोशी सलातो सलाम फातिहा एवं आम लंगर का एहतमाम किया गया है।

### कलेक्टर जनदर्शन में 70 आवेदन प्राप्त

**कांकेर, 23 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आज जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत तुएगहन में सीसी सड़क निर्माण, सोलर पंप लगवाने तथा तुएगहन सलिहापारा से बारवी तक सीसी रोड़ निर्माण, ग्राम पंचायत चिल्हारी में सीसी रोड़ निर्माण के लिए सरपंच तथा ग्रामीणजन द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार ग्राम डुवा, तुसकाल, गट्टाकाल और संबलपुर को नवीन ग्राम पंचायत बनाने, ग्राम पंचायत बांगाबारी तथा साईमुण्डा में नवीन धान खरीदी केन्द्र, ग्राम केसेकोड़ो के उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन को पूर्ण कराने तथा आहाता निर्माण और एनीकट निर्माण कार्य की स्वीकृति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। पखांजूर नया तथा पुराना बाजार चौक में ट्राफिक सिग्नल लगवाने, ग्राम पंचायत गुमझीर में जलजीवन मिशन के तहत अधूरे कार्य पूर्ण कराने, फसल नुकसान की मुआवजा राशि दिलाने, आकाशीय बिजली गिरने से मवेशियों की मृत्यु पर मुआवजा दिलाने एवं राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, बीमा राशि के आवेदन प्रस्तुत हुए हैं।

### निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण के लिए दावा-आपत्ति अब 30 नवंबर तक

**कांकेर, 23 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण अन्तर्गत दावा-आपत्ति प्राप्त करने की तिथि पूर्व में 23 अक्टूबर थी, जिसे बढ़ाकर 30 अक्टूबर कर दी गई है। आयोग द्वारा इसका संशोधित आदेश जारी किया गया है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि नगरपालिकाओं के आम/उप निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली पुनरीक्षित किए जाने के संबंध में दावा-आपत्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने का अनुरोध किया गया है। जिलों से प्राप्त अनुरोध पर आयोग द्वारा विचार उपरांत पूर्व में दावा-आपत्तियां प्राप्त करने हेतु पूर्व में जारी कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है।जारी कार्यक्रम अनुसार द्वितीय चरण में नगरीय निकायों के आम निर्वाचन हेतु दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय 30 अक्टूबर को अपरान्ह 03 बजे निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार दावा-आपत्तियों का निपटारे की अंतिम तिथि और प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08 नवंबर तथा प्राप्त दावों का निराकरण 12 नवंबर को किया जाएगा। प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर किया जा सकेगा।

# कलेक्टर ने अवैध धान खरीदी रोकने के दिए निर्देश



**सुकमा, 23 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक के दौरान ई-श्रम पोर्टल पर लंबित श्रमिकों के राशनकार्डों की शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शेष 262 राशनकार्डों का शीघ्र चिन्हांकन कर पूर्णता का लक्ष्य प्राप्त करने पर जोर दिया। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों का विद्युतीकरण, पालना योजना का क्रियान्वयन, शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों, राज्योत्सव की तैयारियों सहित शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं सहित विभागीय कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, डीएफओ श्री अशोक कुमार पटेल, अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, एसडीएम सहित जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।अवैध धान खरीदी रोकने हेतु दिशा-निर्देश-अवैध धान खरीदी को रोकने के लिए कलेक्टर श्री ध्रुव ने अधिकारियों को टोकन प्रणाली और औसत उत्पादकता के आधार पर निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि धान खरीदी उसी भूमि से हो, जो गिरदावरी में उल्लेखित है और धान वर्तमान खरीफ सीजन का ही हो। विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों के धान खरीदी केंद्रों का चिन्हांकन कर नियमित मॉनीटरिंग करने पर जोर दिए। धान आयात पर सख्ती और सतत निगरानी रखने पर बल-कलेक्टर श्री ध्रुव ने 14 नवंबर 2024 से 30 अप्रैल 2025 तक सीमावर्ती राज्यों से धान आयात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा धान परिवहन करने वाले वाहनों पर लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस लगाए जाने सुनिश्चित करने को कहा, ताकि धान परिवहन पर निगरानी की जा सके। वहीं किसानों की सुविधा हेतु धान खरीदी के लिए उनके नज़दीकी केंद्र में पंजीकरण स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए। यह कदम किसानों की कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से लिया गया है।बस्तर विकास प्राधिकरण के निर्माण कार्यों की समीक्षाबैठक में कलेक्टर श्री ध्रुव द्वारा बस्तर विकास प्राधिकरण के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें कलेक्टर ने प्रगतिरत निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने कहा।

#### राजस्व विभाग के लंबित भूमि प्रकरणों का निपटारा करने के निर्देश

कलेक्टर द्वारा राजस्व विभाग को शासकीय भूमि के आबंटन से जुड़े लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इससे विभिन्न विभागों में भूमि आवंटन से संबंधित समस्याओं का समाधान होगा। इसके अलावा ग्राम दुब्बाटोटा में नेटवर्क सुविधा स्थापित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही असंगठित कर्मकार छात्रवृत्ति योजना के प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर पात्र छात्र-छात्राओं को लाभ पहुंचाने की बात कही गई।बैठक में ग्राम पंचायत मेहता और सिंगारम के आंगनबाड़ी केंद्रों के विद्युतीकरण के निर्देश दिए गए, जिससे इन केंद्रों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सके। समग्र शिक्षा के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही पीएम श्री स्कूल और अपार आईडी की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिले में पालना योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया।



**सुकमा।** कोर्रा, और कोंडर में धान खरीदी केंद्र और प्रधानमंत्री आवास की राशि बढ़ाने की मांग को लेकर गादीरास तहसील के सामने धरना प्रदर्शन किया गया

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में दी गई विधिक जानकारी

**कांकेर, 22 अक्टूबर।** स्वामी आत्मानंद हिंदी मध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद द्वारा ग्राम मुनगाडिही में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजित किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री भास्कर मिश्र ने शिविर में उपस्थित बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दी जाने वाली सलाह एवं सहायता तथा बच्चों को सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों के प्रति सचेत किया गया। साइबर अपराधों से बचाव एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया गया।

# पोटाकेबिन एंव स्वामीआत्मानंद स्कूल में बांटी गई साइकिल



**आवापल्ली, 23 अक्टूबर।** आज मुख्यालय आवापल्ली में युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव उपाध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर माननीय श्री कमलेश कारम जी ने सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9 वीं कक्षा में अध्ययनरत स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं आवासीय पोटाकेविन आवापल्ली के छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण कर बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी सरस्वती साइकिल योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य वर्ग के बीपीएल परिवार की बालिकाओं को साइकिल दी जाती है। यह एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जो न सिर्फ बेटियों को स्कूल आने जाने में मदद करती है बल्कि बेटियों की शिक्षा की राह आसान हो जाती है।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जानकी कोरसा जी, जनपद अध्यक्ष सुश्री अनीता तेलम जी, उपाध्यक्ष बी,श्रीनिवास जी, जनपद सदस्य शंकार संकरैय माड़वी जी, सरपंच आवापल्ली श्रीमती मीनाक्षी जी,श्री तीर्थ जूमर जी, श्री वीर्य जी,स्वामी आत्मानंद प्राचार्य श्रीमान तिरुपति दुर्गम जी, श्रीमान मोहनलाल निषाद, प्राचार्य श्रीमती गीता मोडियम मैडम जी,श्रीमती वीणा स्वरागिरी मैडम जी, श्रीमान पुर्नचंद बेहेरा ,एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।

### जेईई-नीट कोचिंग सेंटर में 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा 27 अक्टूबर को

**सुकमा,23 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय सुकमा में मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा की तैयारी हेतु जेईई-नीट कोचिंग सेंटर सुकमा में संचालित किया जा रहा है। नोडल अधिकारी जेईई-नीट कोचिंग सेंटर आशीष राम ने बताया कि कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों (ड्रोपर) के चयन हेतु पुनः प्रवेश परीक्षा का आयोजन 27 अक्टूबर (रविवार) को समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक किया जाएगा। ऐसे विद्यार्थी जिन्हे जेईई एवं नीट प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करनी है ये सभी विद्यार्थी स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 27 अक्टूबर 2024 को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 09:00 बजे पंजीयन करवाकर जेईई-नीट कोचिंग सेंटर सुकमा के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। उहोंने बताया कि जेईई-नीट कोचिंग सेंटर एजुकेशन सिटी कुम्हाररास, सुकमा परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थी सुकमा जिले के निवासी होने चाहिए, वे अपने कक्षा 12वी मार्कशीट की छायाप्रति, आधार कार्ड, फोटो-1 प्रति दस्तावेजों के साथ उपस्थित होगें।

## जिले के किसानों में मछली पालन के लिए बढ़ता रुझान



**सुकमा,23 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा जिला अपनी संस्कृति और परंपरा के लिए पूरे भारत में प्रसिद्ध है। यहां के अधिकतर गांवों में छोटे बड़े तालाब और प्राकृतिक जल स्त्रोत उपलब्ध हैं। इन्हीं संसाधनों की उपयोगिता के तारतम्य में कृषि विज्ञान केन्द्र के मछली पालन के कार्यक्रम सहायक डॉ संजय सिंह राठौर ने विभिन्न गांवों जैसे पुजारीपाल, धोबनपाल, पायिकपारा, मूर्तीडा, निर्गुडीपारा, नयानार आदि के तालाबों का निरीक्षण करने पर पाया कि अधिकतर किसान तालाब में मछली डालने से पूर्व तालाब की तैयारी नहीं करते जिससे पानी की गुणवत्ता में कमी के कारण मछली का समग्र विकास नहीं हो पाता और उनकी वृद्धि रुक जाती है। जिले के किसानों का कहना है कि उनके पास संसाधन तो है पर सही मार्गदर्शन देने वाले की कमी है। डॉ राठौर ने सीमित समय में ही किसानों को प्रशिक्षण से लेकर व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर जमीनी स्तर पर तालाबों को देखा, समस्यायों को जाना और किसानों को प्राकृतिक, सस्ते एवं आस पास उपलब्ध सामग्री के उपयोग द्वारा पानी और मछली की आवश्यकता को पूरा किया जिससे किसानों को तालाब के पानी की गुणवत्ता में सुधार और मछली की बढ़वार देखने को मिल रहा है। इससे जिले के किसान बहुत प्रसन्न है और अन्य किसान लगातार प्रोत्साहित होकर कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा द्वारा बनाए गए मछली पालन केवीके सुकमा ग्रुप में जुड़कर अपनी समस्यायों का समाधान कर पा रहे हैं। उनकी इस भागीदारी से आने वाले समय में सुकमा की मछली पालन के क्षेत्र में एक अमिट छवि बनती दिख रही है। जिले के किसान बटेर पालन के लिए भी अच्छा रुझान दिखा रहे हैं, जिससे उनकी आजीविका उपार्जन में वृद्धि हो रही है। केवीके मूर्तीडा में बटेर पूरी तरह परिपक्व हो गए हैं एवं क्रय हेतु उपलब्ध हैं।

## नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई



**सुकमा,23 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नवीन महाविद्यालय कोंटा में नशामुक्त भारत अभियान कार्यकम के गत दिवस को मानव श्रृंखला, नशामुक्ति जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं प्रो. डी सुरेश बाबु, प्राचार्य के मार्गदर्शन में किया गया। प्रो. शशिकांत धुवे, समाजशास्त्र एवं कार्यक्रम अधिकारी (रासेयो) ने कहा कि वर्तमान समय में घर, परिवार, समाज पूरे राष्ट्र में विभिन्न प्रकार के नशाओं के कारण कई अपराध घटित हो रहे है। जिससे किशोर, युवा पीड़ी सहित बड़े बुजर्ग सभी आयु वर्गों के नागरिक इस नशा के चक्रव्युह में फसकर अपने जीवन के सुनहरे भविष्य को बर्बाद कर लेते है। ऐसे समय में हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि नशा नामक राक्षस से समाज को बचाकर सामाजिक उन्नति की ओर लेकर चले। जिससे समाज में नागरिकों का उचित व्यक्तित्व विकास हो पाये। प्रो. दुष्यंत कुमार, प्राणीशास्त्र ने कहा कि नशे से सिर्फ मानव शरीर को ही नुकसान नहीं होता है बल्कि इससे मानसिक पीड़ा, आर्थिक हानि एवं सामाजिक बदनामी झेलना पड़ता है, जो मानव के लिए अभिशाप की तरह है। इस अवसर अतिथि व्याख्यातागण मुकेश कुमार पटेल, रोहित कुमार जांगडे, वेणु वर्मा, कमलेश निषाद, बालक दास, संगीता एन्नल, अमित मंडल, चांदनी मरकाम, प्रशांत कुमार बघेल, रोहिणी चौरे एवं सभी संकायो के विद्यार्थिगण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवक उपस्थित थे।

# चितालंका तालाब जीर्णोद्वार के दौरान निर्माणाधीन स्ट्रक्चर का स्लैब ढहा

- ठेकेदार ने रात के अंधेरे में जेसीबी लगाकर मलबा हटा दिया
- 4 माह पूर्व तालाब किनारे का रिटर्निंग वाल भी गिरा था
- निर्माण के बाद से विवादों में रहा है चितालंका पुजारीपारा का तालाब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 23 अक्टूबर।** बीती रात पुजारीपारा चितालंका के निर्माणाधीन तालाब जीर्णोद्वार कार्य के दौरान निमार्णाधीन स्ट्रक्चर का स्लैब गिरने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को दबाने रात में ही जेसीबी लगाकर जमींदोज हुए सरिया रॉड, लोहे के खम्बों आदि को हटवा दिया गया। हालांकि घटना की शिकायत कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने एसडीएम व कलेक्टर को दे दी थी जिसके बाद अब मामले की जांच में निर्माण एजेंसी जूट गया है। कुछ माह पूर्व भी तालाब सौंदर्यकरण निर्माण कार्य के दौरान तालाब के किनारे बने रिटर्निंग वाल भी ठेकेदार की लापरवाही के चलते टूटकर गिर गया था।

कांग्रेस शासनकाल में शुरू हुआ चितालंका पुजारीपारा तालाब जीर्णोद्वार का कार्य एक बार फिर से विवादों में है। नगर के चितालंका तालाब के बीचों बीच निर्माणाधीन स्ट्रक्चर का स्लैब मंगलवार रात करीब 8 बजे ढह गया । तेज आवाज के साथ भरभराकर जिस वक्त स्लैब का स्ट्रक्चर ढहा गनीमत उस वक्त कोई मजदूर नीचे में नहीं रहा अन्यथा बडा हादसा हो सकता था। ईधर घटना की जानकारी मिलते ही ठेकेदार ने पहुंचकर जेसीबी लगाकर रातों रात मलबा हटवा दिया। लेकिन इस घटना से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और तकनीकी देखरेख पर सवाल खड़े हो गए हैं। तत्कालिन कलेक्टर नंदनवार ने इस निर्माण कार्य की मंजूरी दी थी। जिला निर्माण समिति ने वर्ष 2023 में मानसून आगमन से ठीक पहले मई जून में यह काम शुरू किया था। इसके लिए तालाब का सारा पानी निकाल कर बाहर फेंकवा दिया गया था। 02 मानसून सीजन बीतने के बाद भी तालाब के भीतर का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। सिर्फ स्ट्रक्चर के पिलर ही खड़े किए जा सके हैं। हाल ही में इन पिलरों के उपर स्लैब डालने का काम शुरू हुआ था, इसी बीच स्लैब और सेंट्रिग ढह गया है। गौरतलब है कि चितालंका पुजारीपारा तालाब जीर्णोद्वार का कार्य जिला निर्माण समिति द्वारा करवाया जा रहा है। कार्य की देखरेख एवं मानिटरिंग आरइएस विभाग के जिम्मे है। जीर्णोद्वार कार्य की लागत करीब 1 करोड 83 लाख रूपए है। इस कार्य का ठेका बीएस भदौरिया कंस्ट्रक्शन को मिला है। जानकारी के मुताबिक 90 लाख रूपए के करीब अब तक ठेकेदार को भुगतान किया जा चुका है। आधे से ज्यादा भुगतान के बावजूद भी कार्य 50 फीसदी भी नहीं हो पाया है। सालों भर पानी से लबालब भरे रहने वाले इस ऐतिहासिक तालाब को सूखाकर जिस तरीके से इसके जीर्णोद्वार का कार्य शुरू किया गया था जिसका काफी विरोध भी हुआ था। पंचायत के लोगों ने तालाब सौंदर्यकरण कार्य का विरोध किया था मगर उस समय के कलेक्टर के आगे कोई ज्यादा विरोध करने की हिमाकत भी नहीं कर पाता था। तालाब निर्माण के दौरान सेंट्रिग स्ट्रक्चर के ढहने से एक बार फिर से चितालंका तालाब विवादों में आ गया है।



चितालंका तालाब जीर्णोद्वार कार्य के दौरान ब्रिज का सेंट्रिग स्ट्रक्चर रात में गिरा है जिसकी जानकारी मिलते ही मैं स्वयं रात में मौकाए स्थल पर गया था। बेहद ही गंभीर मामला है। इसकी जानकारी हमने अपने आला अधिकारियों को भी दे दी है। निर्माण कार्य के दौरान जब स्ट्रक्चर गिर रहा है तो बाद में क्या गारंटी है कि इसमें चलने वाले लोग सुरक्षित होंगे। पंचायत की जनता व हम सभी लोग इस तालाब के जीर्णोद्वार कार्य के शुरू से ही खिलाफ थे। तालाब से छेड़्छाड करने के चलते आसपास 500 मीटर तक पानी का लेबल डाउन हो गया है जल स्रोत सूखता जा रहा है। इस कीमत पर हमें विकास कतई नहीं चाहिए। हम अपनी सरकार से यह मांग करेंगे कि संभव हो तो तालाब निर्माण के कार्य को तत्काल रोक लगाई जाए। सामान्य सभा की आज होने वाली बैठक में भी इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से रखूंगा।

**मंडल महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य (रामू नेताम)**

एक नजर

## जुआ खेल रहे तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**बलौदाबाजार 23 अक्टूबर।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असमाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा जैसे अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 21.10.2024 को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर ग्राम पुरेना खपरी नाला किनारे में जुआ खेलते हुए 03 आरोपी जुआरिओं को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 52 पत्ती ताश, नगदी ?9130 जप्त किया गया। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 13 जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 03(2) के तहत अपराध क्र. 746/2024 पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

## जर्ज़र सड़कों का बीटी पैच रिपेयर शुरू

**बलौदाबाजार,23 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी के निर्देश पर जिले के जर्ज़र सड़कों का बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य शुरू हो गया है। अब तक 3 सड़कों की कुल लम्बाई 63.7 किलोमीटर में से करीब 32.30 किलोमीटर क़ा पैच रिपेयऱ पूरा हो गया है। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता टी. सी. वर्मा ने बताया कि बलौदाबाजार - रिसदा - हथबंद मार्ग लम्बाई 47 किलोमीटर में से 23 किलोमीटर का पैच रिपेयर पूर्ण हो गया है। इसीतरह भाटापारा-जरौद-सुहेला -हिरमी - मोहरा मार्ग लम्बाई 14.40 किलोमीटर में से 7 किलोमीटर एवं कसडोल शहर मार्ग कुल लम्बाई 2.30 किलोमीटर का पैच रिपेयर पूर्ण हो गया है। शेष लम्बाई की पैच रिपेयर अगले माह तक पूर्ण हो जायेगा। उन्होंने बताया कि अगले कुछ दिनों में बलौदाबाजार बायपास मार्ग, नादघाट - भाटापारा -बलौदाबाजार मार्ग, कसडोल पिथौरा मार्ग, कसडोल - बल्दाकच्छाऱ मार्ग का भी बी.टी. रिपेयर शुरू हो जाएगा।



## जल जीवन मिशन से संवरा बस्ती में भी पहुंचा नल से जल



**बलौदाबाजार, 23 अक्टूबर।** जल जीवन मिशन से लोगों के घरों में स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री दीपक सोनी की पहल पर पेयजल की समस्या से जूझ रहे संवरा बस्ती के लोगों को नल से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति होने लगा है। संवरा बस्ती में पीएचई विभाग द्वारा 5 स्टैंड पोस्ट लगाकर नल -जल की व्यवस्था की गई है। इन स्टैंड पोस्ट में बलौदाबाजार से पाईप लाइन से सुबह -शाम दो -दो घंटे बस्ती के लोगों को पानी मिल रहा है। संवरा बस्ती निवासी श्रीमती लक्ष्मी संवरा जो अपने पति श्री भगवानी वरा के साथ मजदूरी करती हैं, ने बताया, ÷अब हमें पानी के लिए भटकना नहीं पड़ता। यह हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण बदलाव है।÷ इस सुविधा से न केवल उनकी दैनिक गतिविधियाँ आसान हुई हैं बल्कि यह उनके स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए भी एक सकारात्मक कदम है। जल जीवन मिशन ने ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए एक नया मानक स्थापित किया है, जिससे लोगों के जीवन में सुधार हो रहा है। योजना से लाभान्वित श्रीमती लक्ष्मी संवरा ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तथा जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# सभी धान खरीदी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं हों:कलेक्टर

### आवास निर्माण में लापरवाही पर जनपद सीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश,कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की।उन्होंने आगामी माह में शुरू हो रहे समर्थन मूल्य में धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा करते हुए सभी धान खरीदी केंद्रों में शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही खाद्य, सहकारिता एवं जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों को संयुक्त रूप से धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर चेक लिस्ट अनुसार खरीदी के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत आवास बड़ी संख्या में अप्रारम्भ रहने के कारण




कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत कसडोल को शो काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी की तैयारी के क्रम में निरीक्षण हेतु नोडल अधिकारी की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध धान परिवहन को रोकने के लिए कम से कम 10 चेक पोस्ट का निर्माण कर दल गठित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध धान परिवहन को हर हाल में रोकना है। कलेक्टर ने त्यौहारी सीजन में मिलावटी खाद्य पदार्थो के बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारी को टीम के साथ लगातार दुकानों,होटलों एवं ढाबों में जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास एवं निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए अब तक अप्रारम्भ आवासों को शीघ्र प्रारम्भ करने तथा तय समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सीईओ जनपद कों निर्देशित किया कि आवास स्वीकृति से पहले यह जांच लें कि हितग्राही के पास वैध रूप से आवास के लिए जमीन हो। अतिक्रमित भूमि में आवास स्वीकृत नहीं करना है। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के लिए सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में फ्लेक्स लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह राज्य शासन की विशेष योजना है जिसमें गरीबी रेखा से नीचे जीवन -यापन करने वाले विभिन्न बीमारी से पीड़ितों को ईलाज के लिए 25 लाख रुपये तक सहयता दी जाती है। उन्होने उच्च न्यायलय द्वारा जारी आदेशों क़ा परिपालन समय- सीमा में करने तथा प्रकरणों में जवाब -दावा समय सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार 15 वर्ष से अधिक पुराने शासकीय वाहनों को निष्प्रयोज्य घोषित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हुए एमएमटीसी पोर्टल में पंजीयन कराने के भी निर्देश दिए। उन्होने लम्बे समय तक बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही में तेजी लाने कहा।

# युवाओं को नशे से बचाने का अभियान जारी

**बलौदाबाजार,23 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में जिले के युवाओं को नशा से बचाने हेतु नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्यक्रम के माध्यम से लगातार जागरूकता शिविर का आयोजन किए जा रहे है। इसी तारतम्य में बलौदाबाजार में स्थित पं. चक्रपाणी हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 वी से 12 वीं के लगभग 471 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।




शिविर में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अरविंद गेडाम ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीडित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। सरकार इन पीड़ित को नशे के चुंगल से छुडाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है,शराब और गुटखें पर रोक लगानें के प्रयास करती है। नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब गांजा, भांग, अफिम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू और घुमपान सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है।

नशे से छुटकारें हेतु नशा मुक्ति केन्द्र भी संचालिक किया जा रहा है जिसमें रहने की व्यवस्था, दवाईयों की व्यवस्था, उचित मनोचिकित्सकों की व्यवस्था भी की गई है एवं नशामुक्ति केन्द्र में प्रतिदिन योगाभ्यास, पूजा पाठ एवं सामाजिक कार्यक्रम कराया जाता है। राज्य़ शासन के निर्देशानुसार जीवन जीने की कला जिसे अंग्रेजी में आर्ट ऑफ लिविंग कहा जाता है इसके संबध में भी जानकारी बच्चों को दी गई जिससे वह अपना जीवन सहजता एवं सरलता से यापन कर सके एवं जीवन की कठनाईयों का सामना कर सकें।

गौरतलब है कि मादक द्रवों के सेवन की समस्या से निपटने और भारत को नशा मुक्त बनाने के उददेश्य से 15 अगस्त 2020 को नशामुक्त भारत अभियान (एन.एम.बी.ए.) की शुरुवात की गई जिसके तहत देश में नशीली दवाओं के उपयोग के मामले में सबसे अधिक संवेदनशील 272 जिला की पहचान की गई। इस कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं को नशा से दूर रहने के नियम और निती पूर्ण बातों का जानकारी देतें हुए बचें रहने की सलाह भी दिये गये।

समाचार संक्षेप

## पुलिस ने महाराष्ट्र निर्मित अवैध शराब का जखीरा पकड़ा



**भाटापारा 23 अक्टूबर।** शहर थाना पुलिस ने महाराष्ट्र निर्मित अवैध शराब को जप्त किया वहीं पुलिस को देखकर रात्रि का फ़ायदा उठाकर आदतन आरोपी वाहन छोड़कर भाग गया , महाराष्ट्र निर्मित अवैध विदेशी व देशी शराब को भाटापारा में त्योहार में खपाने की आरोपी की योजना को भाटापारा सिटी पुलिस ने विफल किया टी.आई.परिवेश तिवारी ने बताया नामजद नवीन जैन आरोपी के विरुद्ध प्रथम सूचना पत्र कायम किया गया है फरार आरोपी नवीन जैन पिता सोमचंद जैन निवासी भाटापारा पहले भी भाटापारा पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध *महाराष्ट्र* की अवैध शराब बिक्री करते पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जा चुकी है. पकडा गया दोपहिया वाहन में फर्जी नंबर प्लेट लगा परिवहन करने पर उसके विरुद्ध कुटरचना का भी अपराध दर्ज किया गया है. अवैध शराब टेऊराम कॉलोनी मोड़, के पास पकडा जप्त शराब मे रायल चेलेन्ज,रायल स्टेज,मेकडावेल, सहित देशी शराब की बोतले व स्कूटी को जप्त किया।

## शहीद संतराम साहू की शहादत को याद किया

**कसडोल 23 अक्टूबर।** पी एम श्री गुरु घासीदास शास उच्चतर माध्यमिक अंग्रेजी माध्यम के बच्चों ने पुलिस स्मृति दिवस में शहीद संतराम साहू की शहादत को याद किये। विद्यालय से रैली निकालकर बाजार चौक होते हुए जनपद पंचायत में शहीद संतराम साहू के स्मारक तक शहीद संतराम साहू अमर रहें का नारा लगाते हुए गए। जहां प्राचार्य ने सब इंस्पेक्टर नायक के साथ संतराम साहू के स्मारक में माल्यार्पण कर,नारियल ,अगरबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित की। प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद संतराम साहू हमारे विद्यालय के गौरव थे जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति राजनादगांव के मदनवाडा में नक्सली मुड़भेड में देकर नगर को गौरवान्वित किया है, हमें उनके जज्बे को सैल्यूट करना चाहिए तथा बच्चों को देशभक्ति के लिए प्रेरित करते हुए सभी 1 मिनिट का मौन धारण कर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित किए । इस रैली में प्राचार्य के साथ एस आई नायक,मुंशी कुर्रे, व समस्त स्टाफ उपस्थित थे।



## 83 ट्रैक्टर चालकों को दी यातायात सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी

**बलौदाबाजार 23 अक्टूबर।** वर्तमान समय में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, सड़क दुर्घटनों में कमी लाने के लिए जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जन मानस को शराब पीकर वाहन नही चलाने, तेज गति वाहन न चलाने, मोटर सायकल में तीन सवारी नही चलाने, ट्रैक्टर वाहनों को कृषि कार्य में उपयोग करने, सवारी के रूप में उपयोग न करने, रात में चलते समय ट्रेक्टर का दोनो लाइट चालू रखने एवं यातायात सुरक्षा एवं नियमों का पालन करने के संबंध में जानकारी दी गई अभी ठंड के मौसम में सड़क मार्ग में कोहरा आदि की स्थिति में धीमे एवं सीमित गति में ट्रैक्टर चलाने हेतु दिया गया निर्देश कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वाहन चालकों का नेत्र एवं समुचित स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगो को यातायात नियमों का जानकारी देते हुए 83 ट्रेक्टरों में रिफ्लेक्टर पट्टी लगाया गया।



# विशेष योग में की गई साधना श्रेष्ठ फल देने वाली होती है:मुनि सुधाकर




**रायपुर 23 अक्टूबर।** स्थित श्री लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में गतिमान चातुर्मासिक प्रवास अंतर्गत आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी व मुनिश्री नरेश कुमार जी के सान्निध्य में नियमित प्रवचन श्रृंखला अंतर्गत धर्म की गंगा जय समवशरण में प्रवाहमान हो रही है।

आज दिनांक 22/10/24 को प्रवचन करते हुए मुनिश्री सुधाकर जी ने बताया कि आने वाले गुरुवार 24/10/2024 को अमृतसिद्धि योग व सर्वार्थसिद्धि योग के साथ ही गुरु पुष्य नक्षत्र का विशेष संयोग बन रहा है जो कई वर्षो में बनता है। गुरु के साथ पुष्य नक्षत्र का योग व्यवहार जगत के साथ ही आध्यात्मिक जगत या यूं कहें साधना व अनुष्ठान के लिए भी विशेष महत्व का होता है। इस दिन की गई साधना या अनुष्ठान अधिक प्रभावशाली व फलदाई होती है। मुनिश्री ने आगे कहा कि इस विशेष योग के अवसर पर तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर के तत्वावधान में दिनांक 24 अक्टूबर 2024, गुरुवार को सुबह 9 से 10 बजे तक ÷श्री पैंसठिया यंत्र एवं छंद अनुष्ठान÷ का आयोजन किया जा रहा है। जैन धर्म में विशेष रूप से प्रचलित यंत्र और छंद जो प्रतिष्ठित है साथ ही इसके अनुष्ठान से आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होने के साथ-साथ ग्रह शांति ,विश्व शांति ,प्रतिष्ठा की प्राप्ति ,संपत्ति की प्राप्ति, पितृ दोष से मुक्ति, विघ्नों की समाप्ति आदि अनेक लाभ प्राप्त होते हैं ऐसे श्री पै?सठिया यंत्र एवं छंद सिद्धि के लिए दिव्य अनुष्ठान मंत्रों के उच्चारण के साथ किया जायेगा। मुनिश्री ने आगे बताया कि सभी धर्मों के शास्त्र भी कहते ऐसे शुभ योग में की गई साधना जल्दी फलित होती है। मुनिश्री ने आव्हान किया कि जो भी

अनुष्ठान में सहभागी बनना चाहते है वे अनुष्ठान आराधक अर्थात पुरुष वर्ग श्वेत रंग व महिला वर्ग केसरिया या पीले रंग के वस्त्र धारण कर अनुष्ठान आराधना कर सकते हैं। अनुष्ठान हेतु यंत्र व छंद आयोजन संस्था द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। अनुष्ठान के सहयोगी श्री राजेन्द्र, श्रीमती माया, डॉ. यश जी, महिमा जी सेठिया परिवार आदिनाथ ज्वैलर्स, रायपुर है।

# दीपावली पर्व में अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में एडवाइजरी जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 23 अक्टूबर।** जिले में आगामी दीपावली पर्व के दौरान अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में बरती जाने वाली सावधानी हेतु अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ तथा एसडीआरएफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा एडवाइजरी जारी किया गया है। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना ने बताया कि इस दौरान लायसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही पटाखे खरीदें। यह सुनिश्चित करें कि गुणवत्ता वाले पटाखे खरीदें जो दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने के लिए अनुमोदित हो। इमारतों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थों से दूर पार्क, बड़े मैदान जैसे खुले स्थानों में पटाखे जलाएं। पटाखे जलाते समय संभावित आपातकालीन स्थिति के लिए पानी की बाल्टी निकट रखें। आग से संबंधित चोट के जोखिम को कम करने के लिए सूती वस्त्र पहनने को प्राथमिकता दें क्योंकि सिथेंटिक कपडे आसानी से आग पकड़ सकते हैं। पटाखे जलाते समय बच्चों की निगरानी के लिए हमेशा एक व्यस्क को साथ रखें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सुरक्षा उपायों का पालन कर रहे हैं। पटाखे फोड़ने के बाद इस्तेमाल किए गए पटाखों का पानी की बाल्टी में सुरक्षित तरीके से निपटान करें ताकि किसी बची हुई चिंगारी से अग्नि दुर्घटना न हो। एक बार में एक ही पटाखे जलाएं एवं आग लगने की आशंका को देखते हुए एक साथ कई पटाखे जलाने से बचे। पटाखे में आग लगाने के बाद उससे सुरक्षित दूरी रखें। पटाखे जलाते समय हमेशा हवा की दिशा को ध्यान में रखें जिससे उसकी चिंगारी घरों या व्यक्तियों की ओर न उड़े।

**Notice**

**Us. 72 of Indian Partnership Act, 1932**

Be it known to all that partnership firm M\s, PRAGATEE BUILDERS AND DEVELOPERS, at 13, Ground Floor, Dolfin Chamber, Hotel Punit Inernational Building, Pandri, Raipur (Chhattisgarh) has undergone changes by which PRADEEP KUMAR PANSARI so. Shri Dulichand Pansari and MOHIT PAL BHATIA s\o Shri Dharam Pal Bhatia has withdrawn their partnership. And SMT. VIDHYADEVI MIRGHANI w\o Shri Ramesh Kumar Mirghani and HARISH KUMAR BADWANI s\o Shri Nichaldas Badwani running the above name Partnership with same name and style from on & w.e.f. 20/09/2024

**(Smt. Vidyadevi Mirghani)**
**(Partner)**

**न्यायालय तहसीलदार (नज़ूल) कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ ई.पंजी.नं. 202410082200022/ अ-20(1), वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् कवर्धा द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.-17 भू-खण्ड क्रं. 298/1, 324, 325, 326, 327, 328 क्षेत्रफल कमशः 8876.00, 90.00, 335.00, 1390.00, 50.00, 2047.00 व.मी. जो नजूल जांच पंजी वर्ष 1974-75 में कमशः नजूल सरकार म.प्र. शासन मकान पक्का एवं खुली भूमि, नजूल सरकार म.प्र. शासन गली, नजूल सरकार म.प्र. शासन गली, नजूल सरकार पक्का मकान एवं खुली भूमि (कृषि उपज मंडी), नजूल सरकार पक्का कुंआ खुली भूमि, नजूल सरकार खुली भूमि (पूर्ण प्लाट) के रूप में नाम दर्ज है। जिसमें भू-खण्ड क्रं. 298/1 में मंदिर, कव्हर सेड, केंडल सेड, दुकान, गोदम, पानी टंकी निर्मित है, भू-खण्ड 326 में सेवा सहकारी समिति का पक्का भवन निर्मित है. 327 में कुंआ स्थित है, 328 में गोदाम कव्हर सेड चबूतरा निर्मित है। आवेदक संस्था द्वारा उक्त भूमि पर सिटी सेन्टर निर्माण के लिए भूमि आबंटन हेतु न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने उपरांत विधिवत जांचकर, जांच प्रतिवेदन बाबत् प्रकरण प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। जिसकी सुनवाई दिनांक 11/11/2024 को नियत किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में कार्यालयीन अवधि में नियत तिथि तक कार्यालय कलेक्टर कबीरधाम के कक्ष कमांक 25 में दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया है।

**ज़ारी दिनांकः- 09/10/2024**
**पेशी दिनांकः- 11/11/2024**

मुहर

तहसीलदार (नज़ूल) कवर्धा

### कन्नौजिया जायसवाल समाज के अधिवेशन में सम्मिलित हुए विधायक इंद्र साव

# समाज कमजोर व्यक्ति का जीवन स्तर ऊपर उठाने में सहयोग करे :इंद्र साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापार 23 अक्टूबर।** सरकार बेरोजगारों को रोजगार देने मे अक्षम है इसलिए समाज युवाओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक करे ताकि समाज के कमजोर वर्ग को सहयोग करके उनका जीवन स्तर उठाने मदद हो सके,उक्त बाते क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने ग्राम बड़े पासीद में आयोजित कन्नौजिया जायसवाल समाज के एक दिवसीय अर्धवार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। विधायक इंद्र साव ने सहस्त्रबाहू भगवान और बहादुर कलारीन दाई की छायाचित्र पर पुष्प माला अर्पित करने के पश्चात अपने उद्बोधन में कहा कि जायसवाल समाज शुरू से मेहनत कश समाज है।किसी भी समाज के विकास उत्थान के लिए समाज में शिक्षा का स्तर भी ऊंचा होना चाहिए ताकि समाज के युवा रोजगार के लिए ना भटके बल्कि अपना स्वयं का रोजगार पैदा कर दूसरों को रोजगार दे सके। विधायक श्री साव ने समाज की मांग पर एक सामाजिक भवन निर्माण की घोषणा की जिसका उपस्थित लोगो ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। विधायक ने उन्हें आमंत्रित करने के लिए समाज का धन्यवाद दिया और विश्वास दिलाया कि समाज को जब भी उनकी जरूरत होगी वे समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।इसके पूर्व विधायक इंद्र साव का कार्यक्रम स्थल ग्राम बड़े पासीद पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद जायसवाल,उपसरपंच योगेश्वरी जायसवाल सहित सामाजिक जनों ने स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद जायसवाल के नेतृत्व में हुए कन्नौजिया जायसवाल समाज की एक दिवसीय, अर्धवार्षिक अधिवेशन की शुरुआत सहस्त्रबाहु भगवान और बहादुर कलारीन दाई की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर, पुष्पमाला अर्पित करने के तत्पश्चात महामाया मंदिर से मांदर-झांझ-मंजीरा के साथ कलश यात्रा के साथ हुई।इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता रामाधार जायसवाल, उपाध्यक्ष मनसाराम , कोषाध्यक्ष सुखदेव जायसवाल, अंकेक्षण त्रिजूगी नारायण, सचिव शिव कुमार जायसवाल, सह सचिव दशरथ जायसवाल, जिलाध्यक्ष (बिलासपुर) मालिक राम जायसवाल, जिलाध्यक्ष (जांजगीर-चांपा) देव कुमार जायसवाल, जिलाध्यक्ष (बलौदा बाजार) टीकाराम जायसवाल, अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ-रामगोपाल जायसवाल, कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष धीरेंद्र जायसवाल, मीडिया प्रभारी-राकेश जायसवाल, मनीराम ,धनीराम सहित काफी बड़ी संख्या में स्वजातीय गण उपस्थित थे।



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.) (जल जीवन मिशन)**

**''ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना'' (निविदा आमंत्रण सूचना)**

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र ''ए'' में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां. विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर) आमंत्रित की जाती है। ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें। आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है-

| क्र. | निविदा क्रमांक/ दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखण्ड | ग्राम | कॉल | कार्य की लागत (रू.लाख) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 51/16.10.2024 | 159870 | Bhairamgarh | MAPEPURTURI | 2nd call | 7.32 | 5490/- |
| 2 | 52/16.10.2024 | 159874 | Bhairamgarh | BECHAPAL | 1st call | 46.38 | 34785/- |
| 3 | 53/16.10.2024 | 159876 | Usoor | REKHAPALLI | 1st call | 33.88 | 25410/- |
| 4 | 54/16.10.2024 | 159878 | Usoor | KAURGATTA | 1st call | 30.97 | 23228/- |
| 5 | 55/16.10.2024 | 159879 | Bhopal Patnam | BANDEPARRE | 1st call | 11.28 | 8460/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (Bid due date) 11.11.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि (Bid start date) 19.10.2024 से है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर**

जी- 242503358/5

## एक नजर

### दीपावली के लिए बाजार सजे

**रायपुर, 23 अक्टूबर ।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली के शुभ अवसर पर शहर के महत्वपूर्ण बाजार यथा मालवीय रोड, सदर बाजार, रामसागर पारा, पुरानी बस्ती सहित शहर के बड़े मार्गों में आम नागरिक खरीदी के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। कपड़ा बाजार सराफा, ऑटो मोबाइल सेक्टर में जोरदार खरीदी हो रही है। सुबह से ही लोग खरीददारी के लिएनिकल रहे हैं, इधर फटाका बाजार में महंगे फटाके होने के बाद भी कुछ खास फटाके ही लोग खरीद रहे हैं। मुख्य बाजार श्याम टॉकीज के बगल में लगाया गया है। वहीं पाश कॉलोनी इलाकों में भी छुटपुट फटाखे की चिल्हर दुकाने दिखाई दे रही हैं। सराफा एवं ऑटो मोबाइल में इस बार धनतेरस के दिन 29 अक्टूबर को पिछले वर्ष के मुकाबले रिकार्ड खरीदी होने की संभावना एटी के संचालक शांति लाल बड़रिया ने व्यक्त की है।

### एसीबी में पदस्थ कई कर्मियों का हुआ तबादला

**रायपुर, 23 अक्टूबर ।** रायपुर क्राइम ब्रांच (अब एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट) में वर्षों से जमे एएसआई,कांस्टेबल और हेडकांस्टेबल समेत 24 कर्मचारियों का तबादला रायपुर रेंज के आइजी अमरेश मिश्रा ने किया है। जारी आदेश में प्रशासनिक आधार पर रेंज स्थापना बोर्ड के निर्णय पर ये तबादला किया गया है। आदेश में क्राइम यूनिट में वर्षों से पदस्थ एएसआई किशोर सेठ, मोहम्मद जमील और मोहम्मद कय्यूम को बलौदाबाजार, संतोष सिंह को धमतरी, मो.इरफान को गरियाबंद भेजा गया है। वहीं हेड कांस्टेबल सरफराज चिश्ती को महासमुंद, अभिषेक सिंह को धमतरी, मोहम्मद सुल्तान को गरियाबंद, कांस्टेबल रवि तिवारी, राहुल शर्मा और मो.राजिक को बलौदाबाजार, आलम मिर्जा को गरियाबंद, सरीम खान, कुलदीप मिंज को धमतरी, अमित यादव को बलौदाबाजार, मुकेश सिंह राजपूत को महासमुंद, कृष्णा ठाकुर को बलौदाबाजार तबादला किया गया है जबकि धमतरी में पदस्थ हेड कांस्टेबल दिनेश तुरकाने, देवेंद्र राजपूत, महिला हेड कांस्टेबल माधुरी सोनवानी को रायपुर, कांस्टेबल कुलदीप सिंह, अंकुश नंदा, खेमू हिरवानी को रायपुर और साजिद अली को बलौदाबाजार भेजा गया है।

### रायपुर दक्षिण का दंगल, अब तक 10 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन

**रायपुर, 23 अक्टूबर ।** रायपुर नगर (दक्षिण) उप निर्वाचन-2024 अंतर्गत अभी तक दस उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। कल यानी 22 अक्टूबर को निर्दलीय अभ्यर्थी के रूप में नंदिनी नायक, रवि भोई, सैय्यद मुस्लीम, मो. नासीर मोहम्मद, रिजवाना, जुगराज जगत, राईट टू रिकाल पार्टी से चम्पालाल पटेल ने अपना नामनिर्देशन पत्र जमा किया। उल्लेखनीय है कि रायपुर नगर (दक्षिण) उपनिर्वाचन 2024 के लिए उम्मीदवार 25 अक्टूबर 2024 तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार 30 अक्टूबर तक अपना नामाकंन वापस ले सकेंगे।

### राजनैतिक दलों के समक्ष हुआ ईवीएम-वीवीपैट का रेण्डमाइजेशन

**रायपुर, 23 अक्टूबर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन के लिए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की उपस्थिति में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनों का कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। रेण्डमाईजेशन के पश्चात फाईनालाईज्ड किए गये ईवीएम बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट मशीन में उल्लेख आईडी नंबर सहित सूची राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए सभी दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे सूची के आधार पर ईवीएम बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट का मिलान स्ट्रॉग रूम में रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन के लिए रखते समय कर सकते हैं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने बताया कि रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन के लिए मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन कर लिया गया है। रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया में रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन के लिए कुल 266 मतदान केंद्र है। प्रथम रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया में 319 बीयू, 319 सीयू और 345 वीवीपैट का किया गया। मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन सॉफ्टवेयर में किया गया। रेंडमाइजेशन के बाद इसका प्रिंट निकालकर सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से हस्ताक्षर कराने के बाद उन्हें इसकी प्रतियां प्रदान की गई।

### एसआई समेत कई पदों पर होगी भर्ती

**रायपुर, 23 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ में युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है. सीजीपीएससी ने सब इंस्पेक्टर, प्लाटून कमांडेंट और सूबेदार भर्ती का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. इन पदों लिए 23 अक्टूबर से 11 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं. भर्ती के संबंध में सीजीपीएससी की वेबसाइट पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने ट्वीट कर युवाओं से कहा है कि अपने सपनों की ओर कदम बढ़ाओ. जारी अधिसूचना के अनुसार एसआई के 278 पदों के अलावा 19 सूबेदार, 11 उप निरीक्षक (विशेष शाखा), 14 प्लाटून कमांडर, 4 उप निरीक्षक (अंगुल-चिन्ह), 1 उप निरीक्षक (प्रश्नाधीन दस्तावेज) , 5 उप निरीक्षक (कंप्यूटर) और 9 उप निरीक्षक (साइबर क्राइम) के पद शामिल हैं. इन आवेदन पत्रों की जांच के बाद पीएससी की ओर से लिखित परीक्षा ली जाएगी।

## राज्यपालरमेन डेका ने महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए



रायपुर, 23 अक्टूबर। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने उज्जैन स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना की और छत्तीसगढ़ के समस्त प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी उपस्थित थी।

## मुख्यमंत्री की पहल से भेलवां के ग्रामीणों को मिली बैंकिंग सुविधा

- **मुख्यमंत्री ने यूको बैंक की नई शाखा का किया शुभारंभ**
- **40 स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों को प्रदान किया चेक**

**रायपुर , 23 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज कैम्प कार्यालय बगिया से फरसाबहार विकास खंड के जोरण्डाझरिया ग्राम पंचायत अन्तर्गत ग्राम भेलवां में यूको बैंक की नई शाखा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 40 स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों को 24 लाख का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा मिलने पर अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन की दृष्टि से यह कदम महत्वपूर्ण है। इससे फरसाबहार और उसके आसपास के ग्रामीणों को बड़ा लाभ मिलेगा। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में भी सहुलियत होगी। स्थानीय निवासियों को बैंक से जुड़े दैनिक कार्यों के लिए अब और अधिक सुविधा मिल सकेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में फरसाबहार विकास खंड के जोरण्डाझरिया की 4 स्व सहायता समूह की महिलाओं को 6-6 लाख के मान से 40 महिला सदस्यों को रोजगार करने के लिए 24 लाख का चेक प्रदान कर शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की पहल पर महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाएं सब्जी की खेती और व्यापार के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। वे आचार पापड़, रेशम विभाग से जुड़कर कोसा कार्य और अन्य रोजगार कर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

## पुलिस को देख भाग रहे थे गांजा तस्कर, गिरफ्तार

**रायपुर, 23 अक्टूबर ।** पुलिस से बचने भाग रहे तस्करों की कार सड़क से उतरकर पलट गई। कार सवार गांजा तस्कर पुलिस से बचने के लिए भागने लगे। इधर पीछे लगी पुलिस की टीम ने भाग रहे दो लोगों को पकड़ लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने गांजा मंगाने वाली महिला और उसके पति को भी गिरफ्तार कर लिया है। चारों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग एक कार में कोरबा की ओर से गांजा लेकर तखतपुर की ओर जा रहे हैं। इस पर अधिकारियों ने रतनपुर और सकरी पुलिस को घेराबंदी के निर्देश दिए। सकरी और रतनपुर पुलिस की टीम ने काठाकोनी घोंघा नाला के पास घेराबंदी की। पुलिस की घेराबंदी को देखकर कार सवार वाहन मोड़कर भागने लगे। इसी हड़बड़ी में तस्करों की कार सड़क से उतरकर नाले में पलट गई। कार पलटने के बाद तस्कर वाहन छोड़कर भागने लगे। इधर तस्करों के पीछे लगे जवानों ने भी उनके पीछे दौड़ लगा दी।जवानों ने भाग रहे विष्णु चंद्रा उर्फ बबलू(42) निवासी आमगांव जिला सक्ती और सोहन साहू उर्फगोलू(22) निवासी पेंड्री नवागढ जिला जांजगीर-चांपा को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि तखतपुर में रहने वाली महिला कांति उर्फ काजल(36) और उसके पति प्रदीप पांडेय(46) ने गांजा मंगाया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने महिला और उसके पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की कार और 16 किलो गांजा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। एसपी रजनेश सिंह ने नशे के कारोबार से जुड़े लोगों के पकड़े जाने पर उनके संपत्ति की जांच के निर्देश दिए हैं। सकरी थाना प्रभारी दामोदर मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए आरोपित की संपत्ति की जांच कराई जाएगी। अवैध गतिविधियों से कमाई गई संपत्ति को विधिवत कुर्क कराया जाएगा।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिजली सखियों को वितरित किए बिजली किट

- **स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने हो रही सार्थक पहल**

**रायपुर 23 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में बगीचा विकास खंड की स्व-सहायता समूहों की 21 बिजली सखियों को बिजली किट प्रदान किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने महिलाओं को बेहतर ढंग से काम करने के लिए उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय भी उपस्थित थी। उल्लेखनीय है कि



जशपुर जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार देकर उनके आय में वृद्धि करने के लिए सार्थक पहल की जा रही है। बिजली सखी योजना पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिला प्रशासन और जनपद पंचायत बगीचा के संयुक्त प्रयास से लागू किया जा रहा है। बिजली सखी अंतर्गत महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। बिजली विभाग के पास मीटर रीडर की कमी के कारण उपभोक्ताओं के बिजली मीटर की नियमित रीडिंग नहीं हो पाती है। इससे उपभोक्ताओं को एक साथ अधिक बिजली बिल का भुगतान करना पड़ता है।

जिला प्रशासन द्वारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मीटर रीडिंग का प्रशिक्षण देकर उन्हें बिजली सखी बनाया गया है। बिजली सखी के द्वारा नियमित रूप से मीटर रीडिंग किया जाएगा। इस पहल से विद्युत उपभोक्ताओं को नियमित बिजली का बिल मिलेगा, जिससे वे कम बिल का भुगतान कर पाएंगे। साथ ही एक घर में मीटर रीडिंग करने से बिजली सखी को 12 रूपए बिजली विभाग के द्वारा भुगतान किया जाएगा। इससे समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध होगा और उन्हें नियमित आय होगी। इससे बिजली सखी के रूप में जनपद क्षेत्र में लखपति दीदी की संख्या भी बढ़ेगी। जशपुर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 21 महिलाओं को बिजली सखी बनाया गया है। जिला में 300 महिलाओं को बिजली सखी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

### स्कूल के छात्रों ने मतदाता जागरूकता रैली का किया आयोजन

**रायपुर 23 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह और स्वीप के जिला नोडल अधिकारी विश्वदीप के मार्गदर्शन में रायपुर दक्षिण विधानसभा उपनिर्वाचन 2024 के लिए वर्धमान द स्कूल के छात्रों ने एक विशेष मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत मतदान के नारे लगाए और विभिन्न श्लोगनों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर 13 नवंबर लिखकर यह संदेश दिया कि हर वोट महत्वपूर्ण है।

### निर्वाचन व्यय निगरानी के लिए उडनदस्ता दल का गठन

**रायपुर 23 अक्टूबर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन के लिए उड़नदस्ता टीम का गठन किया है। इसमें संशोधित कार्यपालक मजिस्ट्रेट उप अभियंता रंजीत कुमार बरवा को बनाया गया है। वहीं पर्यवेक्षणकर्ता पुलिस अधिकारी एएसआई नीलमणी साहू एवं वीडियोग्राफर आकाश प्रधान की ड्यूटी लगाई गई है।

### निर्वाचन व्यय निगरानी के लिए अधिकारी एवं कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**रायपुर 23 अक्टूबर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने रायपुर नगर दक्षिण में उप निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन व्यय निगरानी हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्थैतिक निगरानी टीम की ड्यूटी लगाई है। नाकाबंदी पाइंट देवपुरी, भाठागांव, अग्रसेन चैक एवं सुभाष स्टेडियम चैक में स्थैतिक निगरानी टीम की ड्यूटी लगाई गई है। इस टीम का नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर कीर्तिमान राठौर को बनाया गया है।

## संरक्षित रेल परिचालन को सुनिश्चित करने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के विस्तार में महत्वपूर्ण प्रगति की

- **159 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सफलतापूर्वक लागू की गई**

**रायपुर 23 अक्टूबर।** संरक्षित रेल परिचालन को सुनिश्चित करने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली के विस्तार में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अब तक कुल 159 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सफलतापूर्वक लागू की जा चुकी है । वर्तमान वित्तीय वर्ष में 22 स्टेशनों को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग करने का लक्ष्य है, जिसमे 06 स्टेशनों को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग किया जा चूका है । शेष स्टेशनों पर भी भविष्य में यह आधुनिक प्रणाली स्थापित की जाएगी । वर्तमान समय में इस परियोजना को प्रधान मुख्य सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियर के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में नई तकनीकों को



अपनाकर रेल संचालन को अधिक सुरक्षित, कुशल और विश्वसनीय बना रहा है । यह नई तकनीक रेलवे संचालन में सुरक्षा और दक्षता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करती है, जिससे यात्री और माल परिवहन को एक नई दिशा और आयाम प्राप्त हुआ है ।

इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली सिग्नलिंग तकनीक में एक क्रांतिकारी परिवर्तन है, जो विभिन्न रेल मार्गों पर गाड़ियों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करती है । यह प्रणाली पुरानी यांत्रिक और रिले आधारित इंटरलॉकिंग प्रणालियों की जगह लेती है । इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग को नई तकनीकों जैसे कि स्वचालित सिग्नलिंग और कवच (स्वदेशी ट्रेन टकराव रोधी प्रणाली) के साथ आसानी से एकीकृत किया जा सकता है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के आधार पर लागू किया जा रहा है, जिससे रेल परिचालन क्षमता और संरक्षा दोनों में सुधार हो रहा है । यह भविष्य की प्रौद्योगिकियों के साथ रेल प्रणाली को और अधिक उन्नत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है ।

इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की विशेषताएँ

उच्च संरक्षाः इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली में डिजिटल तकनीक का उपयोग होता है, जिससे मानवीय त्रुटियों की संभावना कम हो जाती है । वहीं पैनल और रिले इंटरलॉकिंग में मैन्युअल हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ सकती है । इसमें मैन्युअल हस्तक्षेप नहीं होने के कारण ग़लती होने की संभावना बेहद कम हो जाती है ।

कम स्थान की आवश्यकताः पैनल/रिले इंटरलॉकिंग प्रणाली में बड़े पैनलों, अधिक रिले रैक और तारों की आवश्यकता होती है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली में सॉफ़्टवेयर और न्यूनतम हार्डवेयर की जरूरत होती है, जिससे यह कम स्थान लेता है ।

रियल-टाइम मॉनिटरिंगः इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली वास्तविक समय में सिग्नल, ट्रैक, और ट्रेन मूवमेंट की निगरानी करने की सुविधा देती है, जिससे किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जा सकता है ।

कम रखरखाव लागतः पुराने सिस्टम की तुलना में इस प्रणाली के रखरखाव में कम समय और लागत लगती है । पैनल और रिले इंटरलॉकिंग में कई बार तकनीकी खराबियों के चलते उच्च रखरखाव की आवश्यकता होती है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्वचालित होती है और इसे कम रखरखाव की जरूरत होती है ।

### शराब व जुआ के खिलाफ बड़गांव में होगा मुनादी

**रायपुर 23 अक्टूबर।** बड़गांव में शराब की अवैध बिक्री व हो रहे जुआ के खिलाफ बढ़ते आक्रोश व आसपास के ग्रामों में हो रहे किरकिरी को देखते हुये पंचायत ने इसके खिलाफ कार्यवाही का मन बना लिया है । इस पर रोक को ले ग्रामीण व्यवस्था के तहत मुनादी कराने के साथ - साथ पुलिसिया ?कार्यवाही हेतु मंदिर हसौद थाना प्रभारी सहित प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जावेगा । आरंग जनपद पंचायत के अध्यक्ष रहे बड़गांव निवासी मुरारी यादव व वर्तमान में इस पंचायत के सरपंच श्री यादव की पत्नी रामबाई यादव व सरपंच प्रतिनिधि गजानंद यादव ने क्षेत्र में शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा से चर्चा पश्चात ग्रामहित में यह निर्णय लिया है । ज्ञातव्य हो कि समय-समय पर बड़गांव में अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ पुलिसिया कार्यवाही होने के बाद भी इसमें लिप्त तत्वों के हौसले टूटे नहीं है और ग्रामवासियों के अनुसार पुलिसिया रिकार्डधारी कोचियों के साथ-साथ कतिपय और विध्नसंतोषी तत्वों ने देखादेखी शराब बेचना शुरू कर दिया है।

## 6 सूत्रीय मांगों को लेकर नगरीय निकाय के कर्मचारी फिर करेंगे हड़ताल

**रायपुर 23 अक्टूबर।** नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले फिर से अपने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर दिनांक 12 नवंबर 2024 से 14 नवंबर 2024 तक बिलासपुर में हड़ताल पर रहेंगे उक्त 6 सूत्रीय मांगों में लंबित वेतन भुगतान सहित तारीख को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान सुनिश्चित हो, नगरीय निकायों में प्लेसमेंट ठेका पद्धति शीघ्र ही समाप्त किया जाए, नगरीय निकायों में ओल्ड पेंशन योजना शीघ्र ही लागू किया जावे,नगरीय निकायों में मृतक कर्मचारी के परिवारो के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति शीघ्र ही प्रदान किया जावे, नगरीय निकायों में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को शीघ्र ही पदोन्नति किया जावे। छठवें एवं सातवें वेतनमान की एरियर राशि का भुगतान शीघ्र किया जावे। इस संबंध में माननीय अरुण साहू जी विभागीय मंत्री के द्वारा 26 एवम 27 सितंबर समीक्षा बैठक में 1



तारीख को वेतन भुगतान करने नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश देने के बावजूद भी नगरीय निकायो में आज की स्थिति में 1 तारीख को वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे नगरी निकाय के कर्मचारियों में रोष है।

ज्ञात हो की समय पर वेतन की मांग को लेकर नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी संगठन ने तीन दिवसीय हड़ताल दो दिवस में संचालक नगरी प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया था इसी कारण विभागीय मंत्री ने समय पर वेतन भुगतान हेतु नगर निगम एवं नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया था उसके बाद भी वेतन समय पर भुगतान नहीं होने पर नवयुक्त कर्मचारी संगठन ने पुनः हड़ताल की घोषणा की है जिसकी शुरुवात आने वाले समय में नगरीय निकाय चुनाव पर असर होगा। इस संबंध में नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश सोनी, प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, पंकज मेश्राम, प्रांतीय सचिव ऋषभ ठाकुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप चंद्राकर ने बताया है कि माननीय विभागीय मंत्री जी के समीक्षा बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया था कि नगरी निकाय के कर्मचारियों का वेतन 1 तारीख को अनिवार्य रूप से किए जाने का निर्देश था, इस संबंध में राज्य शासन द्वारा नगरीय निकाय के कर्मचारियों को 1 तारीख को वेतन भुगतान करने आदेश भी जारी किया गया है, किंतु खेद का विषय है कि निर्देश देने के बाद भी नगरी निकाय के कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान नहीं हो रहा है बहुत सारे नगरीय निकायों में अभी भी 1 से 2 माह वेतन भुगतान हेतु लंबित है।

## 13 साल का बच्चा हुआ गायब, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल



**रायपुर 23 अक्टूबर।** राजधानी के रावतपुरा फेज 1 इलाके में एक 13 वर्षीय नाबालिग बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। बच्चा बीते शाम घर के बाहर खेलने निकला था, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने इलाके की जांच शुरू कर दी है, और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बच्चे की तलाश की जा रही है। यह मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। फलहाल, पुलिस सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26